# प्रगति-प्रतिवेदन

## 2020 - 21



## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

सेवा संस्कार संगठन

पंजीकृत कार्यालय : ए-875, शास्त्रीनगर, दिल्ली-110052

कार्यालय : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-2

मोबाईल : 9315078011-12-13

ईमेल : delhityp@gmail.com • वेबसाईट : www.typdelhi.org

# विजय गीत

लक्ष्य है ऊँचा हमारा, हम विजय संगान गाएं ।
चीरकर कठिनाइयों को, दीप सम हम जगमगाएं।।
तेज सूरज-सा लिये हम,
शुभ्रता शशि-सी लिये हम,
पवन-सा गति वेग लेकर, चरण ये आगे बढ़ाएं।।
हम न रुकना जानते हैं,
हम न झुकना जानते हैं,
हो प्रबल संकल्प इतना, सफल हो सब कल्पनाएं।।
हम अभय, निर्मल निरामय,
हैं अटल जैसे हिमालय,
हर कठिन जीवन घड़ी में, फूल बनकर मुस्कराएं।।
हे प्रभो ! पा पंथ तेरा,
हो रहा अब नव सवेरा
स्वस्थ तन-मन, स्वस्थ चिंतन, चेतना की लौ जलाएं।।

# 54 वां वार्षिक अधिवेशन

## रविवार, 27 जून 2021

## स्थान : अणुव्रत भवन

सेवा संस्कार संगठन

# तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली



नूतन चिंतन नया विकास, युवकों में जागे विश्वास

# श्रावक निष्ठा पत्र

मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ का अनुयायी श्रावक हूं/श्राविका हूं। इसका मुझे गौरव है। मैं इसे जीवन–विकास का तथा समस्याओं के समाधान में सबसे बड़ा आलम्बन मानता हूं/मानती हूं। अतः अपने दायित्व–निर्वाह तथा आस्था की पुष्टि के लिए मैं इन संकल्पों को स्वीकार करता हूं/करती हूं–

1. मैं आचार्य भिक्षु की मर्यादा, तेरापंथ धर्मसंघ तथा शासनपति के प्रति समर्पित रहूंगा/रहूंगी।
2. मैं धर्मसंघ की अखण्डता के लिए सतत जागरूक रहूंगा/रहूंगी। दलबन्दी को प्रोत्साहन नहीं दूंगा/दूंगी।
3. मैं जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ से मुक्त व्यक्ति (टाळोकर) को प्रश्रय नहीं दूंगा/दूंगी।
4. मैं आचार्य की आज्ञा के प्रतिकूल प्रवृत्ति को समर्थन नहीं दूंगा/दूंगी।
5. धर्मसंघ के किसी साधु–साध्वी में दोष जान पड़े तो उसका अन्यत्र प्रचार किए बिना यथौचित्य स्वयं उसे अथवा आचार्य आदि उपयुक्त व्यक्ति को जताऊंगा/जताऊंगी।
6. मैं प्रत्येक शनिवार को सायं सात से आठ के बीच सामायिक करने का यथासंभव प्रयत्न करूंगा/करूंगी।
7. मैं सम्यक्त्व दीक्षा के चारों नियमों का जागरूकता पूर्वक पालन करूंगा/करूंगी।

# तेरापंथ का अतीत और वर्तमान



# संघ गान

जय–जय धर्म-संघ अविचल हो।
संघ-संघपति प्रेम अटल हो।।

हम सबका सौभाग्य खिला है, प्रभु यह तेरापंथ मिला है।
एक सुगुरू के अनुशासन में, एकाचार विचार विमल हो।।

दृढ़तर सुन्दर संघ-संगठन, क्षीर-नीर-सा यह एकीपन।
है अक्षुण्ण संघ-मर्यादा, विनय और वात्सल्य अचल हो।।

संघ-संपदा बढ़ती जाए, प्रगति-शिखर पर चढ़ती जाए।
भैक्षव शासन नन्दनवन की, सौरभ से सुरभित भूतल हो।।

'तुलसी' जय हो, सदा विजय हो, संघ चतुष्टय बल अक्षय हो।
श्रद्धा-भक्ति बहे नस-नस में, पग-पग पर प्रतिपल मंगल हो।।

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्



अर्हम

23 जून 2021

परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन आध्यात्मिक संरक्षण एवं पथदर्शन में 'अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्' सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में बहुमुखी गतिविधियों एवं आयामों का संचालन करती है। इन त्रिआयामी उद्देश्यों के अन्तर्गत किसी भी आयाम को गति देने के लिए अभातेयुप द्वारा केन्द्रीय स्तर पर एक आह्वान किया जाता है और 350 शाखा परिषदों और 45000 से अधिक युवाओं का विशाल नेटवर्क समर्पित भाव से संगठन द्वारा निर्देशित उस कार्य को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हो जाता है। अभातेयुप का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अध्यात्म और नैतिकता के सुसंस्कारों से पोषित करना है। गुरु इंगित की प्रतिपल आराधना के संकल्प के साथ हजारों युवक एवं किशोर इस संगठन के माध्यम से स्वयं का सर्वांगीण विकास तो करते ही है साथ ही विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहयोगी बनते हैं।

समर्पित शाखा परिषदों की श्रृंखला में एक सक्रिय शाखा परिषद् है - 'तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली'। तेयुप दिल्ली अभातेयुप द्वारा निर्देशित सभी कार्य पूर्ण जागरूकता के साथ करने का प्रयास करती है। परिषद् अपनी वार्षिक साधारण सभा का आयोजन करने जा रही है। साधारण सभा वार्षिक गतिविधियों का दस्तावेज है। इस साधारण सदन में गत की तटस्थ समीक्षा और आगामी वर्ष की सम्यक् योजना बनाई जाये। वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर सदस्य पदाधिकारी गति-प्रगति का आंकलन करें एवं आने वाली नई टीम आगामी वर्ष में विकास के नए पदचिन्ह अंकित करने का संकल्प जागृत करें। यह संस्था की उपलब्धियों को इतिहास के पृष्ठों में संरक्षित रखता है। तेयुप का प्रत्येक सदस्य संघ व संघपति के प्रति पूर्ण निष्ठा भाव रखते हुए संगठन में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प ले। युवा शक्ति की संघीय और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता ही संघ व समाज को विकास के नये शिखर पर पहुंचा सकती है।

सत्र 2020-21 में अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल एवं मंत्री विकास सुराणा ने तेयुप दिल्ली को नई ऊँचाईयां प्रदान की है। कोरोना काल में 40 यूनिट रक्तदान एवं 16 प्लाज्मा डोनेशन कर मानव सेवा की गई। जैन सामायिक फेस्टीवल एवं भिक्षु चरमोत्सव का सुंदर आयोजन किया गया। अभातेयुप द्वारा निर्देशित समस्त कार्यक्रमों को पूर्ण किया। तपोयज्ञ, प्रभु पार्श्व प्रणति आदि में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। जैन विद्या कार्यशाला, नेत्रदान, युवा दिवस, फिट युवा हिट युवा, मंत्र दीक्षा, बारह व्रत कार्यशाला, जैन संस्कार विधि से अनेकों कार्य, सेवा कार्य, धम्म जागरण आदि कई कार्यक्रम परिषद् द्वारा पूर्ण किये गये। ऐसे अनेकों कार्यों को परिषद् द्वारा वृहद् एवं महनीय रूप में पूर्ण किया गया। परिषद् की यह जागरूकता निरंतर प्रवर्द्धमान रहे।

पूर्ण विश्वास है कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान व निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली आगामी अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व और टीम भावना के साथ पूर्वक्त् ही संघ व संगठन के विकास में योगभूत बनेगी।

वर्तमान टीम के सफल कार्यकाल हेतु बधाई एवं नई टीम के यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना के साथ।

**संदीप कोठारी**
अध्यक्ष

**मनीष दफ्तरी**
महामंत्री

# मंगल भावना यंत्र




## तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली

# पदाधिकारी

## सत्र : 2020-21



श्री नितेश बैद
उपाध्यक्ष-I



श्री प्रवीण डुंगरवाल
अध्यक्ष



श्री राकेश बैंगानी
उपाध्यक्ष-II



श्री मनीष महनोत
सहमंत्री-I



श्री विकास सुराणा
मंत्री



श्री आलोक लूणिया
सहमंत्री-II



श्री विकास बोथरा
कोषाध्यक्ष



श्री प्रवीण गोलछा
संगठन मंत्री



श्री संजय संचेती
निवर्तमान अध्यक्ष

## स्थाई आमंत्रित



श्री जतन श्यामसुखा
(आभातेयुप रा. का. सदस्य)

## परामर्शक



श्री संजय खटेड़



श्री डालम चन्द बैद



स्व. श्री विमल सुराणा



श्री इन्द्र बैंगाणी



श्री संदीप डुंगरवाल



श्री विजय चोपड़ा
विधि परामर्शक

## योजना एवं समन्वय समिति


श्री कमल गाँधी


श्री संतोष संचेती


श्री भूपेन्द्र सिंघवी


श्री दिलीप संचेती


श्री अमित खटेड़


श्री श्रील लुंकड़


श्री नवनीत दुगड़


श्री विशाल धाड़ेवा


श्री सौरभ जैन


श्री अभिनंदन बैद


श्री अमित डागा


श्री संजीव चिण्डालिया


श्री राजीव सेठिया

## क्षेत्रीय संयोजक


श्री कुशल गदैया
शाहदरा


श्री अमित मिन्नी
सूर्यनगर


श्री अंकित बैद
लक्ष्मीनगर


श्री अशोक सिंघी
गांधीनगर


श्री विरेन्द्र दुगड़
पीतमपुरा


श्री सुनील गिड़िया
शालीमार बाग


श्री विक्रम सुराणा
साउथ दिल्ली


श्री निखिल भूतोड़िया
मानसरोवर गार्डन


श्री प्रतीक चिण्डालिया
नॉर्थ दिल्ली


श्री विनीत बोथरा
रोहिणी


श्री गौरव बच्छावत
शास्त्रीनगर


श्री मनीष बरमेचा
पश्चिम विहार


श्री मुदित लोढ़ा
सेन्ट्रल दिल्ली

## क्षेत्रीय सह-संयोजक



श्री प्रियंक दुगड़
(शाहदरा)



श्री आशीष पुगलिया
(शाहदरा)



श्री विवेक दस्सानी
(सूर्यनगर)



श्री वर्धमान बांठिया
(सूर्यनगर)



श्री रवि बरमेचा
(लक्ष्मीनगर)



श्री गौरव मनोत
(गांधीनगर)



श्री श्रेयांश चोरड़िया
(गांधीनगर)



श्री अनुराग बोथरा
(गांधीनगर)



श्री विशाल पगारिया
(पीतमपुरा)



श्री अनुराग बेगवानी
(शालीमार बाग)



श्री मनीष कोठारी
(मानसरोवर गार्डन)



श्री रिषभ संचेती
(मानसरोवर गार्डन)



श्री नितीन जैन
(रोहिणी)



श्री राजीव बैंगानी
(रोहिणी)



श्री अरविन्द सेठिया
(शास्त्रीनगर)

## विशेष प्रभारी


श्री मनोज मालू
(नेत्रदान)


श्री प्रकाश सुराणा
(जैन संस्कार)


श्री विनोद चोरड़िया
(तपोयज्ञ)


श्री मयंक दूगड़
(सेवा)


श्री मुकेश बोथरा
(रक्तदान प्रभारी)


श्री अमित डुंगरवाल
(एबीटीवाईपी रिपोर्टिंग)


श्री प्रभात खटेड़
(वित्त)


श्री प्रतीक गिड़िया
(मीडिया एवं वेबसाइट)


श्री मनीष पुगलिया
(ज्ञानशाला)


श्री पवन श्यामसुखा
(सांस्कृतिक)


श्री पवन नाहर
(किशोर मंडल)


श्री राकेश पुगलिया
(तेरापंथ टाइम्स और युवा दृष्टि)


श्री राहुल बोथरा
(कम्प्यूटर तथा मीडिया)


श्री राजेश दुगड़
(कम्प्यूटर तथा मीडिया)


श्री पराग जैन
(अणुव्रत)


श्री अनिरुद्ध जैन
(व्यक्तित्व विकास)


श्री राकेश दुगड़
(सांस्कृतिक सह)


श्री प्रवीण बैद
(सांस्कृतिक सह)

## ज्ञानशाला


श्री अरिहन्त जैन
(सेन्ट्रल दिल्ली)


श्री पवन बांठिया
(शाहदरा)


श्री मनीष नाहर
(सूंयनगर)


श्री संदीप पुगलिया
(गांधीनगर)


श्री अमित सुखानी
(लक्ष्मीनगर)


श्री नवीन जैन
(शालीमार बाग)


श्री अमन जैन
(रोहिणी)


श्री दीपक जैन
(उत्तम नगर)


श्री महिम बोथरा
(शास्त्रीनगर)


श्री आशीष मालू
(पश्चिम विहार)


श्री दीपक पुगलिया
(नॉर्थ दिल्ली)

## किशोर मंडल


श्री सौरभ सिंघी
(किशोर मंडल संयोजक)


श्री यश बरड़िया
(किशोर मंडल सहसंयोजक)

## कार्यकारिणी सदस्य


श्री विनया लिंगा


श्री प्रदीप बोथरा


श्री पवन पारख


श्री विकास चोरड़िया


श्री सौरभ कोठारी


श्री मनोज गंग


श्री विनय सुराणा


श्री पुनीत गिड़िया


श्री राकेश लोढ़ा


श्री आलोक जैन


श्री मुकेश बांठिया


श्री हेमराज राखेचा


श्री संजय कोटेचा


श्री अरविन्द सिंघी


श्री हनुमान बोथरा


श्री प्रवीण बैंगानी


श्री कमल जैन


श्री प्रदीप संचेती


श्री सुरजीत पुगलिया


श्री मुकेश बोरड़


श्री सुनील छाजेड़


श्री वरूण डुंगरवाल


श्री नितिन फुलफगर


श्री दीपक नाहर


श्री जिनेश जैन


श्री अतुल जैन


श्री मुकेश जैन


श्री संजीव जैन


श्री मानस बोथरा


श्री सौरभ आंचलिया


श्री हेमन्त बैद


श्री प्रतीक सुराणा


श्री सिद्धार्थ जैन


श्री पुखराज लोढ़ा


श्री दीपक कुण्डलिया


श्री अरविन्द गोलछा

# क्षेत्रीय सहयोगी


श्री संदीप पगारिया


श्री प्रकाश सेठिया


श्री पदम नाहटा


श्री आकाश संचेती


श्री रिषभ संचेती


श्री नरेश डागा


श्री योगेश कोचर


श्री प्रतीक गिड़िया


श्री अजय बेताला


श्री अंकित सुराणा


श्री मिलन बोथरा


श्री हेमन्त भूतोड़िया


श्री रितेश मालू


श्री रतन लोढ़ा


श्री बसन्त बोरड़


श्री देव बैद


श्री प्रवीण जैन


श्री विवेक महनोत


श्री राहुल जैन


श्री करूण सेठिया


श्री विनीत डुंगरवाल

# अ.भा.ते.यु.प. द्वारा अलंकृत दिल्ली के युवक

## युवक रत्न

| | |
|---|---|
| श्री नवरत्नमल दुगड़ | (1972) |
| श्री मांगीलाल सेठिया | (1981) |
| श्री कन्हैयालाल पटावरी | (1992) |
| श्री गणपत लाल जैन | (1994) |
| श्री के.सी. जैन | (1996) |
| श्री माणक सिंघी | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (2001) |
| श्री अशोक संचेती | (2001) |

## युवा गौरव

| | |
|---|---|
| श्री पुखराज सेठिया | (2001) |

## श्रेष्ठ कार्यकर्ता

| | |
|---|---|
| श्री आसकरण आँचलिया | (1999) |
| श्री प्रदीप संचेती | (2007) |
| श्री अरूण संचेती | (2008) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2011) |
| श्री अरविन्द गोठी | (2013) |

## आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरस्कार

| | |
|---|---|
| श्री ललित गर्ग | (2006) |
| श्री राजेश जैन 'चेतन' | (2009) |
| श्री प्रमोद घोड़ावत | (2011) |
| श्री इन्द्र बैंगाणी | (2018) |

## आचार्य महाश्रमण युवा व्यक्तित्व पुरस्कार

| | |
|---|---|
| डॉ. राजेश कुण्डलिया | (2013) |

# तेयुप दिल्ली द्वारा प्रदत्त अलंकरण

## युवक श्रेष्ठ

| | |
|---|---|
| श्री के. सी. जैन | (1996) |
| श्री सम्पत मल नाहटा | (1997) |
| श्री सुखराज सेठिया | (1998) |

# गौरवशाली विकास यात्रा

## अतीत से वर्तमान

| वर्ष | अध्यक्ष | मंत्री |
|---|---|---|
| 1967–70 | श्री फरजन कुमार जैन | संयोजक प्रणाली |
| 1970–72 | श्री विजय सिंह कोठारी | संयोजक प्रणाली |
| 1972–73 | श्री विजयराज सुराणा | संयोजक प्रणाली |
| 1973–76 | श्री सुरेश जैन | श्री जगत पटावरी |
| 1976–80 | श्री विजय भँवर बोरड़ | श्री जगत पटावरी |
| 1980–84 | श्री रमेश जैन | श्री शान्ति कुमार जैन |
| 1984–87 | श्री सम्पत कुमार सुराणा | श्री सम्पत मल नाहाटा |
| 1987–88 | श्री संचय लाल डागा | श्री विमल सुराणा |
| 1988–90 | श्री सुखराज सेठिया | श्री छत्तर सिंह सिंघी |
| 1990–92 | श्री राजेन्द्र गिडिया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1992–94 | श्री पदम संचेती | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया |
| 1994–95 | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया | श्री प्रदीप संचेती |
| 1995–96 | श्री पन्नालाल लूणिया | श्री अरुण संचेती |
| 1996–97 | श्री हेमराज बैद | श्री डालमचन्द बैद |
| 1997–98 | श्री डालमचन्द बैद | श्री अरुण संचेती |
| 1998–99 | श्री निर्मल भंसाली | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 1999–2000 | श्री बाबूलाल भूतोड़िया | श्री प्रमोद घोड़ावत |
| 2000–2001 | श्री आसकरण आँचलिया | श्री संजय खटेड़ |
| 2001–2003 | श्री प्रमोद घोड़ावत | श्री भीखम चन्द सुराणा |
| 2003–2004 | श्री भीखमचन्द सुराणा | श्री संजय खटेड़, श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2004–2005 | श्री प्रदीप संचेती | श्री अशोक बुच्चा, श्री बिमल बैंगाणी |
| 2005–2006 | श्री संजय खटेड़ | श्री अरविन्द गोठी |
| 2006–2007 | श्री बिमल बैंगाणी | श्री राजेश बैंगाणी |
| 2007–2008 | श्री कैलाश डूंगरवाल | श्री राजीव बैंगाणी |
| 2008–2009 | श्री सुशील सिपानी | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2009–2010 | श्री राजेश बरड़िया | श्री अभय सिंघी |
| 2010–2011 | श्री अशोक संचेती | श्री इन्द्र बैंगाणी |
| 2011–2012 | श्री सुभाष सेठिया | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया |
| 2012–2013 | श्री गजेन्द्र दुधोड़िया | श्री प्रवीण बैंगाणी |
| 2013–2014 | श्री मनोज नाहर | श्री संदीप डूंगरवाल |
| 2014–2015 | श्री अशोक संचेती | श्री मनोज बोरड़ |
| 2015–2016 | श्री मनोज बोरड़ | श्री नितेश बैद |
| 2016–2017 | श्री कमल गांधी | श्री सुभाष दुगड़ |
| 2017–2018 | श्री राजेश भंसाली | श्री प्रमोद संचेती |
| 2018–2019 | श्री पुखराज लोढ़ा | श्री राकेश बैंगाणी |
| 2019–2020 | श्री संजय संचेती | श्री मुकेश बोरड़ |
| 2020–2021 | श्री प्रवीण डुंगरवाल | श्री विकास सुराणा |



## अर्हम

## अध्यक्ष की कलम से ...............

आध्यात्म जगत के महासूर्य परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी, मातृ हृदया संघ महानिदेशिका असाधारण साध्वी प्रमुखाश्री कनक प्रभाजी, मुख्य नियोजिका साध्वीश्री विश्रुत विभाजी, मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, साध्वी वर्या समबुद्धयशाजी, तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्र आत्माओं के श्री चरणों में पंचांग प्रणति पूर्वक श्रद्धासिक्त वंदन।

सम्माननीय तेयुप दिल्ली के परामर्शकगण, अभातेयुप कार्यसमिति के सदस्यगण, दिल्ली के सभी संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण, सम्मानित श्रावक-श्राविका समाज एवं प्राणवान धर्मसंघ के ऊर्जावान युवा साथियो!

**सादर जय जिनेन्द्र!**

तेयुप दिल्ली के 54 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का स्वागत अभिवंदन अभिवादन करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। तेयुप दिल्ली अभातेयुप में अपना एक विशिष्ठ स्थान रखती है। जिसका नेतृत्व करना अपने आप में ही परम गौरव की अनुभूति कराता है। मैं आभारी हूं तेयुप दिल्ली की संपूर्ण युवाशक्ति का जिन्होंने मेरी सीमित क्षमताओं के बावजूद सर्वसम्मति से दिल्ली तेयुप का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया। अध्यक्ष पद जहां सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है वही दायित्व का भान भी कराता है। साथियों, सत्र 2020-2021 के अन्तर्गत तेयुप दिल्ली ने अपने त्रिआयामी उद्देश्य सेवा, संस्कार और संगठन को ध्यान में रखते हुए अनेकों छोटे बड़े संघीय कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय प्रतीकात्मक रूप से अध्यक्ष एवं उसकी टीम को जाता है किंतु सही मायने में अगर इन कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह हमारे कार्यकर्ता हैं जो किसी नाम की अपेक्षा के बिना कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने में अपना श्रम नियोजित करते हैं। मैं हृदय की गहराईयों से नमन करता हूं तेयुप दिल्ली की संपूर्ण कर्मठ युवा शक्ति को एवं यहीं मंगल कामना करता हूँ कि भविष्य में ऐसा सहयोग परिषद में देते रहे। अभातेयुप द्वारा निर्देशित कार्यों एवं संघीय कार्यक्रमों की निष्पति में सदैव कर्मठता से अग्रणी सेवाएं देते रहे।

12 जुलाई 2020 मनोनयन के उपरांत कोरोना की विषम परिस्थितियों में अनेकों कार्यक्रम बारह व्रत कार्यशाला, तेरापंथ टॉस्क फोर्स, आओ जाने तेरापंथ को, भिक्षु धम्मजागरण, तपोयज्ञ, नेत्रदान, चारित्रात्माओं की सेवा, आदि अनेकों कार्यक्रमों को सभी कार्यकर्त्ताओं के सहयोग से सफलता पूर्वक सपन्न किया।

साथियों इस कार्यकाल के दौरान हमने कोरोना की विभिषिका में हमारे कई साथियों को खोया है। जिसकी क्षतिपूर्ति असंभव है। यह कार्यकाल हम सभी साथियों के लिए चुनौतिपूर्ण था परन्तु गुरूदेव की असीम अनुकम्पा से धैय एवं परस्पर सहयोग के साथ दायित्वों का निर्वाहन करने का प्रयास किया।

कार्यकाल के समापन के अवसर पर कार्यकाल के प्रति आत्मतोष के भाव रखते हुए मैं कह सकता हूं कि वर्ष पर्यन्त मैंने परिषद के कार्यों के प्रति मन में शिथिलता अनुभव नहीं की। मैं तो निमित्त मात्र हूं, कार्य करवाने व ऊर्जा प्रदान करने वाले परम पूज्य गुरूदेव हैं जिनकी असीम कृपादृष्टि से कार्य सम्पन्न हुए। दिल्ली क्षेत्र में विराजित समस्त चारित्र आत्माओं से समय-समय पर प्रेरणा पाथेय प्राप्त हुए । मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं समस्त चारित्र आत्माओं के प्रति। साथियों इस पूरे कार्यकाल में मैं तो कहीं था ही नहीं, थे तो सिर्फ हम। मैं अपने आपको अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे विशेष सहयोगी के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नितेश बैद, मित्र के रूप में उपाध्यक्ष द्वितीय श्री राकेश बैंगानी, उर्जावान मंत्री के रूप में मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले छोटे भाई श्री विकास सुराणा, सरल हृदय वाले सहमंत्री प्रथम श्री मनीष महनोत, सहमंत्री द्वितीय श्री आलोक लूणिया, चिंतनशील कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा, हंसमुख संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा जैसे साथी मिले। सभी ने अपेक्षा से अधिक सहयोग दिया। सभी क्षेत्रीय संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारीगण, कार्यसमिति सदस्यगण, योजना एवं समन्वय समिति के सदस्यगण व कार्यक्रम संयोजकों ने अध्यक्ष तुल्य दायित्व समझते हुए अधिकार के साथ कार्यों को सफल बनाया। हमारे निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती, जिनका निरंतर मार्गदर्शन व स्नेह प्राप्त हुआ। अभातेयुप अध्यक्ष श्री संदीप कोठारी, महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी, दिल्ली परिषद् प्रभारी श्री हितेश भानडीया, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों एवं दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी साथियों का निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहा। आप सभी के प्रति अनंत अनंत साधुवाद व्यक्त करता हूं। सभी परामर्शकों से समय-समय पर उचित मार्गदर्शन प्राप्त हुए, आप सभी के प्रति आभार। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत न्यास, अणुव्रत समिति, समस्त क्षेत्रीय सभाएं एवं दिल्ली की सभी संघीय संस्थाओं से प्राप्त सम्मान व सहयोग हेतु सादर आभार। समाज के उदारमना महानुभावों ने अर्थ सहयोग कर परिषद् को गति एवं निशचिंतता प्रदान की, सभी के प्रति हार्दिक धन्यवाद। कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं पिताजी स्व. पुखराज जी डुंगरवाल मातुश्री किरणदेवी, जीवन संगीनी मीना, पुत्री भूमिका, तोषिता, पुत्र समर्थ एवं अनुज वरूण डुंगरवाल के प्रति जिन्होंने मेरा इस दायित्व निर्वाहन में पूर्णतया सहयोग दिया एवं कार्यो को संपादित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्य करते हुए भूल हो जाना स्वाभाविक है। मुझसे या किसी युवा साथी से कोई अविनय असातना हुई हो या हम इंगित की आराधना ना कर पाए हो तो पूज्यप्रवर व समस्त चारित्र आत्माओं से करबद्ध क्षमायाचना। परिषद् के कार्यों के निष्पादन व दायित्वों के निर्वहन में मुझसे अथवा किसी साथी सहयोगी से प्रमादवश कोई भूल हो गई हो तो मैं समस्त युवा शक्ति व समाज से अपने व कार्यकारिणी की ओर से शुद्ध अंतःकरण से खमत खामना करता हूं।

अंत में मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाला नेतृत्व परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करेगा। इन्हीं शुभकामनाओं एवं मंगलकामनाओं के साथ एक बार पुनः सभी को अनन्त साधुवाद एवं सभी से पुनः निर्मल हृदय से क्षमायाचना।

**आपका अपना**
**प्रवीण डुंगरवाल**

27 जून 2021



# अर्हम्

# 54 वां वार्षिक अधिवेशन

## प्रगति-प्रतिवेदन

2020-21

तेरापंथ के प्राण, तेजस्वी क्रांतिकारी महामना आचार्य श्री भिक्षु को भाव भरा नमन। अनंत आस्था के केंद्र साधना के शिखर पुरुष, करुणा के निर्बाध गतिमान स्रोत महातपस्वी परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण जी के चरण कमलों में करबद्ध वंदना। वात्सल्य की प्रतिमूर्ति ममतामय संघ महानिर्देशिका साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी, मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुतविभाजी, मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, साध्वी वर्या साध्वीश्री सम्बुद्धयशाजी, तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी एवं दिल्ली में विराजित समस्त चारित्रात्माओं के श्री चरणों में सादर वंदना।

सम्मानीय अध्यक्ष महोदय, आभातेयुप टीम के सदस्यगण, परामर्शकगण, पदाधिकारीगण, क्षेत्रीय संयोजक, क्षेत्रीय सह संयोजक, प्रभारीगण, योजना एवं समन्वय समिति के सदस्यगण, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी, सम्मानित श्रावक समाज एवं संघ-संघपति के प्रति पूर्ण समर्पित कर्मठ युवा साथियों।

सादर जय जिनेन्द्र

तेयुप दिल्ली के 54 वें वार्षिक अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन अभिवादन।

अध्यात्मिक एवं सामाजिक दायित्व को संयुक्त रूप से निभाने, सदैव कार्य करते रहने की भावना को उत्साह के साथ मूर्त रूप देने, संघ एवं संघपति के प्रति पूर्ण समर्पण, गुरुदृष्टि की आराधना का अटल प्रण, संघीय नीतियों के प्रति संकल्पित मन एवं लक्ष्य के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ गतिशील तेरापंथ धर्म संघ के युवाओं का संगठन है - अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद और उसकी विशिष्ट शाखा परिषदों में एक देश की राजधानी की परिषद 'तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली' दिल्ली की युवा शक्ति कल्पना को आकार, चिंतन को मूर्त रूप, सपनों को साकार एवं कुछ न कुछ करके दिखाने की दिशा में संकल्पित होकर गुरु दृष्टि की अराधना करते हुए सेवा-संस्कार-संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों की संप्राप्ति में निरंतर गतिशील है। आलौच्य वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी की विषम परिस्थिति के बावजूद ऊर्जावान युवा साथियों के सक्रिय सहयोग एवं विभिन्न अवसरों पर विशिष्ट योगदान प्राप्त कर अनेकानेक धार्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है:-

# 53 वां वार्षिक अधिवेशन




तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली का 53 वां वार्षिक अधिवेशन (सत्र 2019-2020) एवं साधारण सभा का आयोजन 12 जुलाई, 2020 ऑनलाईन जूम के माध्यम से हुआ। साधारण सभा में चुनाव अधिकारी श्री अशोक संचेती ने आगामी सत्र 2020-21 के अध्यक्ष हेतु श्री प्रवीण डुंगरवाल को निर्वाचित घोषित किया।

## मंत्र दीक्षा

भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित कर उनमें धार्मिक संस्कार पुष्ट करने हेतु अभातेयुप के तत्त्वधान में मंत्र दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन जूम के माध्यम से किया गया जिसमें तेयुप दिल्ली के प्रयास से लगभग 200 ज्ञानार्थियों ने मंत्र दीक्षा का संकल्प लिया।

## बारह व्रत कार्यशाला

श्रावक के बारह व्रतों के प्रति जागरूकता प्रदान करने वाला कार्यक्रम बारह व्रत कार्यशाला का आयोजन अभातेयुप द्वारा इस बार ऑनलाइन जूम एप एवं यू ट्यूब लाइव के माध्यम से 20 से 25 जुलाई तक हुआ, जिसमें समणी श्री पुण्यप्रज्ञाजी ने जैन विश्व भारती, हॉस्टन से ऑनलाइन माध्यम से सभी को प्रशिक्षण दिया। तेयुप दिल्ली ने सम्पूर्ण दिल्ली समाज को इस कार्यशाला से जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं कार्यशाला से जुड़ने हेतु फार्म भी भरवाए।

JAI HIND MARMO
Deals in : All Types of Imported Marbels
Praveen Varun Dungarwal- 9810353866

# शपथ ग्रहण समारोह

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के सत्र 2020-21 के लिए नवमनोनीत अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल एवं नवगठित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 26 जुलाई 2020 रविवार को अणुव्रत भवन में एवं ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ जैन संस्कार विधि से उपासक व संस्कारक श्री विमल गुनेचा, संस्कारक श्री कमल सेठिया, श्री प्रकाश सुराणा एवं श्री प्रवीण गोलछा ने मंगल मंत्रोच्चार से करवाया। कोरोना संक्रमण काल को ध्यान में रखते हुए समिति संख्या एवं सोशियल डिस्टेंसिंग व मास्क सेनेटाइजर का पालन किया गया।





निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती ने नव मनोनीत अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल को शपथ दिलाई तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के नामो का उल्लेख किया एवं पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई।



कार्यक्रम में तेयुप दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री पुखराज लोढ़ा, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती की उपस्थिति रही एवं जूम एप के माध्यम से महासभा के संरक्षक श्री के. एल. जैन (पटावरी), श्री के. सी. जैन, उपाध्यक्ष श्री संजय खटेड़, श्री सुखराज सेठिया, दिल्ली सभा के अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा, दिल्ली महिला मंडल की मंत्री श्रीमती मंजू जैन, TPF के अध्यक्ष श्री श्रील लूंकड़, अभातेयुप प्रतिनिधि श्री जतन श्यामसुखा एवं तेयुप के अनेक पूर्व अध्यक्ष व मंत्री सहित बड़ी संख्या में युवक परिषद् के सदस्य जूम एप के माध्यम से जुड़े। सभी ने नवनिर्वाचित टीम के लिए शुभकामना प्रेषित की। कार्यक्रम का कुशल संचालन निवर्तमान मंत्री श्री मुकेश बोरड़ एवं मंत्री श्री विकास सुराणा ने एवं आभार व्यक्त उपाध्यक्ष श्री




**SHOBHA TRADING**
Deals in: E-Rickshow Spares Parts
Vikash Surana- 9811891097

# चातुर्मासिक मंगल प्रवेश में सहभागिता

परम श्रद्धेय आचार्य श्री महाश्रमण जी ने महती कृपा कर दिल्ली में छः स्थलों पर चारित्रात्माओं का प्रवास प्रदान कराया। 'शासन श्री' साध्वी श्री संघमित्राजी का तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), 'बहुश्रुत' साध्वी श्री कनकश्रीजी का खिलौनी देवी धर्मशाला (पीतमपुरा), 'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी का ओसवाल भवन (शाहदरा), 'शासनश्री' साध्वीश्री रतनश्रीजी, 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभाजी का अणुव्रत भवन, साध्वी श्री डॉ. कुंदनरेखाजी का गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), सभी स्थानों पर चातुर्मासिक प्रवेश में युवासाथियों ने कर्मठता एवं जागरूकता का परिचय देते हुए कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# पर्युषण महापर्व

(15 अगस्त से 21 अगस्त 2020)

पर्युषण पर्व के दौरान तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली ने विषम परिस्थितियों को देखते हुए एवं पूज्यप्रवर के इंगित की आराधाना करते हुए सकल तेरापंथ समाज से पर्युषण के दौरान त्याग प्रत्याख्यान हेतु 'पर्व आराधना संकल्प पत्र' भरवायें। जिसे दिल्ली के सभी क्षत्रों में युवाओं के सहयोग से समाज को इन संकल्पों से जोड़ा गया व गुगल फोर्म को भरकर अपने संकल्प को सुनिश्चित भी करवाया।

सम्पूर्ण पर्युषण काल में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली के सदस्यों ने नमस्कार महामंत्र का जप का क्रम प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक नियमित चलाये रखा। इस क्रम में जुड़े सभी साथियों को साधुवाद। इस क्रम को सुनियोजित तरीके से चलाये रखने हेतु संयोजक श्री राकेश पुगलिया का श्रम उल्लेखनीय रहा।

# भिक्षु धम्म जागरण

स्वामी जी की मासिक तेरस के अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा पूरे वर्ष में धम्म जागरण का हर क्षेत्र में आयोजन किया गया एवं इसकी शुभ शुरूआत आचार्य भिक्षु के चरमोत्सव की पावन दिन से हुई।

महामना आचार्य भिक्षु के 218 वें चरमोत्सव के अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा भावांजलि अर्पित करने हेतु कार्यक्रम ''एक शाम भिक्षु के नाम'' का वर्चुअल आयोजन दिनांक 31 अगस्त 2020 सोमवार को ओसवाल भवन, विवेक विहार में आयोजित किया गया, जिसका ऑनलाइन प्रसारण जूम एवं फेसबुक के माध्यम से पूरी दिल्ली में किया गया।

नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात् तेयुप कार्यकर्त्ताओं ने विजय गीत का संगान किया। तेयुप दिल्ली अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल ने अपने स्वागत वक्तव्य में सभी गायकों, विभिन्न संभा संस्थाओं के सम्मानीय पदाधिकारियों एवं सकल श्रावक समाज का अभिनंदन किया।

श्रद्धाप्रणत :
डालमचन्द बैद
रतनगढ़-दिल्ली मो.: 9810129735

कार्यक्रम में आमंत्रित गायक श्री विमल गुनेचा, श्री जयसिंह दुगड़, श्री विकास सिंघी, श्री रितेश मालू, श्री हनुमान नाहटा, श्री अनुराग बोथरा एवं श्री श्रेयांश चोरड़िया ने अपने सुमधुर भिक्षु भजनों से वातावरण का भिक्षुमय बनाया।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के कर्मठ अध्यक्ष श्री संदीप जी कोठारी कार्यक्रम में सहभागी बने एवं उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में आचार्य भिक्षु का गुणानुवाद करते हुए युवाओं से स्वामीजी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। ओसवाल समाज के अध्यक्ष श्री बाबुलाल दुगड़, पूर्व तेयुप अध्यक्ष श्री अशोक संचेती, श्री कमल गांधी, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती, दिल्ली तेयुप के पदाधिकारियों की टीम सहित कोरोना संक्रमण काल को ध्यान में रखते हुए सीमित संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

अणुव्रत महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक जी डूंगरवाल, तेरापंथी सभा दिल्ली के पदाधिकारीगण, दिल्ली की अन्य क्षेत्रीय सभाओं के पदाधिकारीगण, महिला मंडल मंत्री श्रीमती मंजू जैन, तेयुप दिल्ली पूर्व अध्यक्ष श्री डालमचंद बैद, श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया, श्री कैलाश डूंगरवाल, श्री पुखराज लोढ़ा, अभातेयुप से परिषद् प्रभारी श्री हितेश भांडिया, कार्यसमिति में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री जतन श्यामसुखा एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित श्रावक समाज एवं तेयुप कार्यकर्त्ताओं ने जूम एवं फेसबुक के माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम का कुशल संचालनश्री हेमराज राखेचा ने किया एवं आभार ज्ञापन सांस्कृतिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री पवन श्यामसुखा ने किया।

29 सितम्बर 2020 को रोहिणी एवं पीतमपुरा में धम्म जागरण का आयोजन ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। सभी गायक गायिकाओं के प्रति हार्दिक साधुवाद।

29 अक्टुबर 2020 को कृष्णानगर में संगीतमय धम्म जागरण का आयोजन 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्राजी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन, कृष्णागनर में आयोजित किया गया एवं जिसका ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से प्रसारण भी किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया। मंत्री श्री विकास सुराणा ने सभी सहभागी श्रावक समाज एवं गणमान्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। क्षेत्र के गायक कलाकारों ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति से जागरण को भक्तिमय बना दिया, सभी गायक-गायिकाओं के प्रति हार्दिक साधुवाद। साध्वीश्री जी ने परिषद् को प्रेरणा पाथेय प्रदान करवाया और स्वामी जी के बताए मार्ग पर निडरता से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री हेमराज राखेचा ने किया एवं आभार ज्ञापन सांस्कृतिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री पवन श्यामसुखा ने किया। कार्यक्रम हेतु उदारमना सहयोग के लिये श्री सुरजमल दिनेश जी बाफना (नोखा-दिल्ली) का हार्दिक आभार।

29 नवम्बर 2020 को शास्त्रीनगर व शालीमार बाग में धम्म जागरण का आयोजन ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकत्ताओं द्वारा किया गया। शास्त्रीनगर एवं शालीमार बाग से गायक कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा ने किया एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय संयोजक श्री गौरव बच्छावत ने किया।

श्रद्धाप्रणतः
राजीव राकेश बैंगानी
बीदासर-दिल्ली मो.: 9810229382

27 दिसम्बर 2020 को लक्ष्मीनगर में धम्म जागरण का आयोजन ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकत्ताओं द्वारा की गई। लक्ष्मीनगर से गायक कलाकारों द्वारा सुंदर एवं मन भावन प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने किया एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय संयोजक श्री अंकित बैद ने किया।

25 फरवरी 2021 को दिल्ली उत्तर मध्य में धम्म जागरण का आयोजन 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्रीजी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन, मॉडल टाउन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया। मंत्री श्री विकास सुराणा ने दिल्ली उत्तर मध्य के सभी सहभागी श्रावक समाज एवं गणमान्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। क्षेत्र की गायक कलाकारों ने अपनी भक्तिमय प्रस्तुति से जागरण को भक्तिमय बना दिया, सभी गायक-गायिकाओं के प्रति हार्दिक साधुवाद। साध्वीश्री जी ने परिषद् को प्रेरणा पाथेय करवाया और स्वामी जी के द्वारा प्रतिपादित मर्यादाओं का महत्त्व बताते हुए प्रेरणा दी कि हमें भी जीवन में मर्यादा को धारण कर लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री राजेश बैंगानी ने किया एवं आभार ज्ञापन संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा ने किया।

26 मार्च 2021 को दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में धम्म जागरण का आयोजन ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकर्त्ताओं द्वारा किया गया। दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र के गायक कलाकारों द्वारा सुंदर एवं भक्तिमय मन भावन प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री अभिनन्दन बैद, श्री सुरजीत पुगलिया ने किया एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय संयोजक श्री विक्रम सुराणा ने किया।

25 मई 2021 को मानसरोवर गार्डन दिल्ली क्षेत्र में धम्म जागरण का आयोजन ऑनलाइन जूम और फेसबुक के माध्यम से किया गया जिसमें पूरी दिल्ली क्षेत्र की सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत विजय गीत के साथ परिषद् के कार्यकत्ताओं द्वारा किया गया। क्षेत्र के गायक कलाकारों द्वारा सुंदर एवं भक्तिमय मन भावन प्रस्तुति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री मुकेश बोरड़ ने किया एवं आभार ज्ञापन सांस्कृतिक प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री पवन श्यामसुखा ने किया।

**VIKAS BOTHRA & ASSOCIATES**

Gst. Income Tax. Tds. Accountings

Vikas Bothra - 9311677833

प्रभारी की कलम से .....

**वंदे गुरूवरम**

यह मेरा सौभाग्य रहा की सत्र 2020-21 के कार्यकाल में मुझे तेयुप दिल्ली में सांस्कृतिक प्रभारी का दायित्व मिला। इस कार्यकाल में हमने भिक्षु धम्म जागरण के माध्यम से वर्ष पर्यंत स्वामीजी के मासिक तेरस के पावन अवसर पर अपनी भावपूर्ण अभ्यर्थना श्री चरणों में समर्पित करने हेतु दिल्ली के सभी क्षेत्रों में धम्म जागरणा का आयोजन किया। संपूर्ण समाज में इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा हुई और समाज के गणमान्य व्यक्त्यिों ने निरंतर रखने के लिए कहा। इस कार्य के संपादन में मेरे सहयोगी रह श्री प्रवीण बैद, श्री राकेश दुगड़ का आभारी हूं साथ धन्यवाद प्रेषित करता हूं सभी साथियों का जिनके सहयोग एवं अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफल हो पाए। मैं आभारी हूं पूरी युवा शक्ति एवं सभी पदाधिकारियों को जिनका सहयोग एवं मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिलता रहा।

**पवन श्यामसुखा**
सांस्कृतिक प्रभारी









MANISH JAIN
LIC DEVELOPMENT OFFICER
PH. 9818130969

# तेरापंथ टास्क फोर्स (मिशन एम्पावरमेंट)

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा तेरापंथ टास्क फोर्स के अन्तर्गत मिशन एम्पावरमेंट का वर्चुअल कार्यक्रम 5 अक्टूबर को जूम एप के माध्यम से विद्या भारती स्कूल, सूर्यनगर में आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत एन. डी. आर. एफ. से प्रशिक्षित तेरापंथ टास्क फोर्स के केडेट्स श्री निकुंज सेठिया एवं श्री जय चोरड़िया द्वारा विद्यार्थी वर्ग, स्कूल प्रबंधन, किशोर मंडल एवं परिषद् सदस्यों सहित 600 से अधिक प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन एवं मेडिकल सहयोग के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की शुरूआत अभातेयुप महामंत्री श्री मनीष दफ्तरी के उर्जावान स्वागत व्यतव्य के साथ हुआ जिसमें उन्होंने तेरापंथ टास्क फोर्स के उपयागित एवं आज तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए सभी को अवगत कराया कि अभातेयुप अपनी 350 से अधिक शाखा परिषदों के माध्यम से सामाजिक एवं आध्यात्मिक जन कल्याण की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम संचालक श्री आदर्श सिंघवी ने तेरापंथ टास्क फोर्स के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण सत्र को आगे बढ़ाया। प्रशिक्षण सत्र में सभी को आपदा प्रबंधन में जागरूकता एवं सजगता से किस प्रकार सुरक्षात्मक उपायों के साथ सहायता करनी चाहिए, विषय पर विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षित किया गया। विशेष कर सांप के काटने, जलने, रक्त स्राव होने, हड्डी टूटने, चोट लगने जैसे आपदाओं पर कैसे निपटा जाए। इन विषयों पर बहुत ही विस्तृत जानकारी को सरलता से समाहित किया गया। कार्यक्रम में जुड़े स्कूल प्रबंधन से डॉ. राजेश खन्ना ने अपनी सुरक्षात्मक जानकारी एवं जागरूकता से बच्चों को अवगत कराया। स्कूल के महामंत्री श्री आलम अली सिसोदिया ने कहा कि यह बहुत ही लाभदायक एवं रोचक तथ्य के साथ शानदार कार्यक्रम रहा निःसंदेह हम सभी के लिए लाभदायक है। प्रिंसिपल महोदया श्रीमती मंजूश जोशी ने तेरापंथ टास्क फोर्स के विषय पर कहा इस प्रकार के मिशन एम्पावरमेंट हमारे लिए उपयोगी तो है ही साथ ही बच्चों के पूर्ण विकास मे सहायक है और शिक्षा विभाग निति के अनुरूप भी है एवं तेरापंथ युवक परिषद् के सराहनीय प्रयास के लिए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम के समापन पर आभार ज्ञापन मंत्री श्री विकास सुराणा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय कोटेचा का उल्लेखनीय श्रम रहा।







VIJAY KUMAR JAI CHAND LAL JAIN
Sales & Marketing Agent for Garments and Hosiery
Praveen Jain ( Golcha) - 9811085840



## आओ जाने तेरापंथ को

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा ऑनलाइन व फेसबुक लाइव द्वारा आयोजित कार्यक्रम आओ जाने तेरापंथ को

### विषय - सामायिक साधना

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लुधियाना से राष्ट्रीय उपासक प्रवक्ता श्री सूर्यप्रकाश सामसुखा ने सामायिक के बारे में बहुत ही महत्त्वपूर्ण, ज्ञानवर्धक आत्म कल्याणकारी जानकारी दी। यह उनकी वक्तव्य शैली का ही प्रभाव था कि कार्यक्रम के शुरू से आखिर तक लगभग बराबर उपस्थिति बनी रही। आपने इस विषय से संबधित जिज्ञासाओं का भी संतुष्टि पद समाधान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामायिक साधना क्लब की संस्थापिका श्रीमती मंजुला भंसाली ने सभी को सामायिक से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री अनिरूद्ध जैन ने किया। जूम ऐप व फेसबुक संचालन श्री राहुल बोथरा व श्री राजेश दुगड़ ने किया। आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक श्री विनोद जी चोरड़िया ने किया। कार्यक्रम में जूम व फेसबुक के माध्यम से जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली व क्षेत्रीय सभाएं, तेरापंथ महिला मंडल दिल्ली, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम दिल्ली, अणुव्रत समिति दिल्ली व तेयुप के सदस्यों एवं विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित लगभग 300 लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजन में तेयुप दिल्ली के युवाओं के साथ कार्यक्रम संयोजक श्री विनोद चोरड़िया का श्रम उल्लेखनीय रहा।

## अभातेयुप वार्षिक अधिवेशन-2020 में सहभागिता

अभातेयुप राष्ट्रीय अधिवेशन 28-29-30 नवम्बर 2020 को हैदराबाद में पूज्यप्रवर के पावन सान्निध्य में आयोजित हुआ। कोविड-19 की विषभ परिस्थितियों के कारण कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से परिषद् की सहभागिता रही। इस अधिवेशन में सत्र 2019-20 के लिए दिल्ली परिषद् को विभिन्न आयामों के अन्तर्गत अग्रणी श्रेणी में निम्न पुरस्कार प्राप्त हुए।

| | | |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ | - | जैन संस्कार विधि |
| उल्लेखनीय | - | तपोयज्ञ, प्रभु पार्श्व प्रणति उपवास |
| बेस्ट प्रफोरमेन्स | - | नेत्रदान |
| सर्वाधिक संभागी | - | एक शाम महाप्रज्ञ के नाम |
| | | तेरापंथ टॉस्क फोर्स (2020-21) |



**DAULAT TRADING CO.**

Mfrs. of: Lowers, Capri, Barmuda etc

Alok Jain - 9990498188

# जैन सामायिक फेस्टिवल

दिनांक 3 जनवरी 2021, रविवार को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित जैन सामायिक फेस्टिवल का कार्यक्रम तेरापंथ युवक परिषद दिल्ली द्वारा संपूर्ण दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों में प्रातः 9:00 बजे आयोजित किया गया। तेरापंथी श्रावक-श्राविकाओं के साथ दिगम्बर सम्प्रदाय, स्थानकवासी संप्रदाय, श्री जैन मंडार संघ, आराधक जैन संघ एवं मूर्तिपूजक समुदाय के श्रावक श्राविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया एवं नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। भीषण बारिश के प्रतिकूल स्थितियों के उपरान्त भी परिषद् द्वारा आयोजित 30 केन्द्रों पर सधार्मिक सकल जैन श्रावकों के साथ मिलकर 507 सामायिक कर विश्व मैत्री के लक्ष्य की ओर अग्रसर हुए। तेयुप दिल्ली के सक्रिय कार्यकर्त्ता श्री पवन श्यामसुखा के प्रयास से  शाहदरा स्थित निपुण सोसाइटी में माहेश्वरी समाज की सराहनीय सहभागिता रही।

इस कार्यक्रम में आभातेयुप के सहमंत्री (द्वितीय) श्री अभिषेक पोकरना स्वयं दिल्ली पधार कर हमारे संभागी बने एवं युवाओं का उत्साहवर्धन किया व समग्र जैन समाज के प्रति आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में इस कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष के प्रथम रविवार को ओयजित करने का आह्वान किया, जिसका सकल जैन समाज ने समर्थन किया।

अल्प समय में संयोजको, श्री मुकेश जैन, श्री गौरव मनोत, श्री राजीव सेठिया द्वारा कार्यक्रम का दायित्व अति उत्साह एवं कुशलतापूर्वक संपादित किया गया, संयोजकों के प्रति साधुवाद। तेरापंथी सभा दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, टी.पी.एफ., सभी क्षेत्रीय सभाएं, एवं सकल जैन संस्थाओं का जिनका सहयोग इस आयोजन में समाहित रहा सभी के प्रति कृतज्ञता।






**LB ELECTRICALS**
K-78, Sector -1 Bawana Ind Area, Delhi-110039
Bimal Bharat Daga - 9810422106

# जैन सामायिक फेस्टिवल




**RABOT INFRA SOLUTIONS**
**Deals in : Construction Machines and Equipments**
**Dhanpat Rahul Bothra - 9811855557**

# सहमंत्री (द्वितीय) श्री अभिषेक पोकरना द्वारा परिषद् संकल्प संगठन यात्रा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सहमंत्री ( द्वितीय ) श्री अभिषेक पोकरना का परिषद की संकल्प संगठन यात्रा के अन्तर्गत 3 जनवरी 2021 को दिल्ली आगमन हुआ।

तेयुप दिल्ली के सदस्यों द्वारा विवेक विहार, ओसवाल भवन में स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूरी दिल्ली के सभी क्षेत्रों से सदस्यों ने उपस्थित रहकर सहृदय अभिनंदन किया। अभातेयुप सदस्य श्री जतन श्यामसुखा, निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती एवं अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल ने शाल्यार्पण से सम्मान किया। भीषण वर्षा के उपरान्त भी तेयुप दिल्ली के साथियों ने उत्साह एवं उमंग से स्वागत हेतु उपस्थित रहे।

सहमंत्री ( द्वितीय ) श्री अभिषेक पोकरना ने अपने उद्‌बोधन में कहा दिल्ली हमारे दिलों में रहती है। परिषद को सेवा संस्कार संगठन के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम परिषद के रूप में आगे लेकर जाना है। आपने आपनी कार्यशक्ति एवं समर्पण से तपोयज्ञ, जैन संस्कार विधि, नैत्रदान उपक्रम में जिस सफलता का परिचय दिया है वो अद्‌भुत है। आने वाले समय में दिल्ली परिषद् अपने कार्यो की गूंज से संपूर्ण भारत में अग्रणी भूमिका निभाएगी, ऐसी मंगलकामना है। आपने सदस्यों की जिज्ञासाओं को सुनते हुए, परिषद् के सभी सदस्यों के प्रति इस अपार स्नेह के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया।

'शासनश्री' साध्वीश्री रविप्रभाजी ठाणा-4 के सान्निध्य में 3 जनवरी को जैन सामयिक फेस्टीवल में आपकी सहभागिता एवं अध्यक्षता ओसवाल भवन, विवेक विहार में रही। सहमंत्री ( द्वितीय ) श्री अभिषेक पोकरना ने समागत सकल जैन समाज का अंतःहृदय से स्वागत किया एवं कहा कि ऐसी भीषण बारिश के बावजूद भी समस्त दिल्ली जैन समाज ने तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यश्री महाश्रमण जी की प्रेरणा से अभातेयुप के इस प्रयास को सफल बनाने में सहभागिता रखी ।








श्रद्धाप्रणतः
श्री लालरतन संजय संचेती
मोमासर-दिल्ली मो. 9811375872

# शिवालिक में भवन बेसमेंट की उपलब्धता

तेरापंथ युपक परिषद् दिल्ली के लिए यह सात्विक गौरव की बात है कि सेवा का महानीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायगनोस्टिक सेंटर के संचालन को सृजनात्मक रूप देने के लिए दिल्ली के ***एक श्रावक परिवार*** ने प्रशंशनीय एवं अनुकरणीय पहल के साथ शिवालिक पार्क में स्थित अपने भवन का बेसमेंट **ATDC** हेतु प्रदान कराया है। आपके इस अतुल्य सहयोग एवं उदारमना विसर्जन के लिए तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली सहृदय आभार धन्यवाद ज्ञापित करता है आपके यशोमय अनुगामी समर्पण हेतु मंगलकामनाएं।

# क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा

1. **शास्त्रीनगर –** दि. 7 मार्च 2021, रविवार को श्री सम्राट सौरव आंचलिया कि निवास पर क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शास्त्रीनगर एवं त्रीनगर क्षेत्र के सदस्यों ने भाग लिया।

2. **शालीमार बाग –** दि. 21 मार्च 2021 रविवार को क्षेत्रीय संयोजक श्री सुनील गिड़िया के निवास में क्षेत्रीय सम्मेलन एवं संगठन यात्रा के द्वितीय चरण का आयोजन रखा गया। सम्मेलन में शालीमार बाग एवं बादली क्षेत्र के सदस्यों के साथ शालीमार बाग सभा के अध्यक्ष व मंत्री ने भाग लिया।

क्षेत्रीय सम्मेलनों में अध्यक्ष महोदय व पदाधिकारियों द्वारा सदस्यों की जिज्ञासाओं का सामाधान किया गया, वर्तमान व भविष्य की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया व सभी युवाओं को परिषद् में अपनी उर्जा को निवेश करने की प्रेरणा दी गयी तथा अधिकाधिक संख्या में युवकों व किशोरों को सक्रियता से जोड़ने का आह्वान् किया ।







KHUSHI ELECTRONICS

Deals in: All Type of Electronic Goods

Mukesh Banthia - 9350030671

# राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद का कार्यालय अणुव्रत भवन दिल्ली में स्थित है अतः समय-समय पर अभातेयुप पदाधिकारियों का दिल्ली पधारना होता है। साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा दिल्ली परिषद् की भी सार-संभाल होती रहती है।





# फिट युवा हिट युवा

दिनांकः19 फरवरी 2021, 157 वां मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली ने 'शासनश्री' साध्वीश्री संघमित्रा जी के सान्निध्य में तेरापंथ भवन, कृष्णानगर में **फिट युवा हिट युवा** कार्यक्रम के बैनर का अनावरण किया।



4 अप्रैल 2021 सुबह ललीता पार्क लक्ष्मी नगर में **फिट युवा हिट युवा** कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभ शुरूआत नमस्कार महामंत्र के सामुहिक संगान के साथ किया गया। अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल ने आह्वान किया कि इस आयाम के माध्यम से आप सभी युवा अपने आप को स्वस्थ रखें, फिट रहे ताकि हम धर्म संघ की सेवा में और अधिक सक्षम बन सकें।



कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के सदस्य, तेयुप क्षेत्रीय संयोजक श्री अंकित बैद एवं श्री राकेश लोढ़ा, श्री पुलकित गिड़िया आदि सभी युवकों का परिश्रम मुखरित हुआ। युवा साथी फिटनेस के प्रति जागरूक रहकर भविष्य में भी फिट रहने को कृत संकल्पित हुए।

**SAMTA TEXTILES**

Mfrs of: Wholesaler of Blazer, Sherwani, Baba Suits, Plazo

Prakash Sethia - 8459176861

# कोविड-19 के दौरान राहत कार्य

कोरोना वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली ने प्लाजमा डोनेशन हेतु सकल दिल्ली समाज के सहयोग एवं रक्तदान प्रभारी श्री मुकेश बोथरा के अथक प्रयास से प्लाज्मा डोनर की एक सूची तैयार की एवं यथासंभव प्लाज्मा की जरूरत को पूर्ण करने का प्रयास भी किया अथवा हमारे परिषद् के सदस्यों ने जागरूकता के साथ अपने क्षेत्र में दिल्ली सभा एवं क्षेत्रीय सभा को सहयोग कर ऑक्सीजन सिलेंडर दवाईयां एवं भोजन वितरण में महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया आप सभी की कर्मठता के प्रति अनन्त-अनन्त साधुवाद एवं मंगलकामनाएं।



## "शासन श्री" साध्वी श्री जयप्रभा जी के संथारा काल में त्याग का क्रम एवं देवलोक गमन पर बैकुंठी यात्रा व्यवस्था







**संथारा काल :** आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या 'शासनश्री' साध्वीश्री जयप्रभा जी के 8 दिनों तक संथारा संलेखना के अंतर्गत तेयुप दिल्ली द्वारा स्वैच्छिक त्याग, प्रत्याख्यान के लिए श्रावक समाज से संकल्प पत्र हेतु निवेदन किया जिसके अन्तर्गत 534 श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही। सभी के प्रति साधुवाद।

**बैंकुठी यात्रा :** 24 मई को सुबह 4:01 बजे तेरापंथ भवन, रोहिणी में पुण्यात्मा 'शासनश्री' जयप्रभा जी ने महाप्रयाण किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा दिल्ली द्वारा बैकुंठी यात्रा व्यवस्था का पूर्ण दायित्व तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली को प्रदान किया गया जिसको परिषद् के समर्पित कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम एवं सीमित सदस्यों द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पादित किया।

तेरापंथ भवन, रोहिणी से नाहरपुर घाट तक परिषद के सदस्यों ने बैकुंठी यात्रा के दायित्व को तन्मयता के साथ निभाया एवं संथाराकाल में रात्रीकालिन सेवा व अन्य सभी व्यवस्थाओं में सहभागी बने सभी सदस्यों के प्रति साधुवाद। सहमंत्री मनीष महनोत, क्षेत्रीय संयोजक विनीत बोथरा एवं कर्मठ कार्यकर्ता संजीव जैन आदि का श्रम उल्लेखनीय रहा।

SHANTI CREATION
Mfrs. & Wholesales of Shirts, T-Shirts, Lowers, & Boys Suit.
Pradeep Chajjer - 9818750020

# वंदन ज्योतिचरण को

तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता परम पावन ज्योतिपूंज युवामनीषी आचार्यश्री महाश्रमण जी के 60 वें जन्म दिवस के पावन अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा अभिवंदना के स्वर भक्ति संध्या का कार्यक्रम 21.5.21 शुक्रवार रात्रि 8.15 बजे से जूम व फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र व गुरूदेव के स्मरण के साथ हुई। विजय गीत का संगान श्री हिम्मत राखेचा ने किया।

कार्यक्रम में सहभागी बने सभी समाज एवं गणमान्य पदाधिकारियों का स्वागत तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल ने किया एवं परम पूज्य के श्री चरणों में अपनी मंगल अभ्यर्थना व्यक्त की। दिल्ली के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों एवं तेयुप सदस्यों ने अपनी सुमधुर भक्तिमय प्रस्तुतियां से संध्या को भक्तिमय व महाश्रमणमय बना दिया। जन्मोत्सव के पावन दिवस पर अपने भावों की अभ्यर्थना प्रकट करने हेतु जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री जोधराज बैद एवं महामंत्री श्री डालमचंद बैद तेरापंथ महिला मंडल दिल्ली की अध्यक्षा श्रीमती निर्मला कोठारी, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम दिल्ली के मंत्री श्री अंकित श्यामसुखा, अणुव्रत समिति दिल्ली के अध्यक्ष श्री शांतिलाल पटावरी एवं दिल्ली की विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं के गणमान्य पदाधिकारीगण एवं परिषद् के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित 280 जनों की उपस्थिति रही। दिल्ली सभा अध्यक्ष श्री जोधराज बैद ने सभी संस्थाओं की भावनाओं को समाहित करते हुए अपने विचार एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कर परिषद् के उत्साह की प्रशंसा की। कार्यक्रम का कुशल संचालन सांस्कृतिक प्रभारी श्री पवन श्यामसुखा ने किया। जूम संचालन सहयोगी रहे श्री राकेश दुगड़, श्री मंयक दुगड़ एवं फेसबुक संचालन श्री राहुल बोथरा ने किया। सहभागी एवं सहयोगियों का आभार प्रकट कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा ने किया।




**RIDHI BEAUTY CENTRE**

All Types of Beauty Parlour Garments Items

Mukesh Kundaliya - 9810923341

## युवा दिवस




आचार्यश्री महाश्रमण जी के 48 वें दीक्षा दिवस (युवा दिवस) दिनांक 25 जून 2021 को जन-जन को जोड़ने के लिए अभातेयुप ने संकल्पों का कल्पवृक्ष बनाने का आह्वान किया। धर्मसंघ की गतिविधियों से जुड़ने का व आध्यात्मिक विकास करने का अवसर दिया। तेयुप दिल्ली ने मात्र 2 दिन मिलने के बावजूद बहुत ही उल्लेखनीया जज्बा दिखाया। परिस्थिति कितनी भी प्रतिकूल हो इस आध्यात्मिक कल्पवृक्ष में सहभागिता का उत्साह काबिले तारीफ रहा। कुल 463 सहभागिता व 5338 संकल्प और सभी 48 संकल्पों की 27 लड़िया पूरी हुई। कुल 12 श्रावक व श्राविकाओं ने 48 में से 40 या उससे अधिक संकल्पों को स्वीकार कर सहभागी बने। पंजीकरण के शुरूआत से अंत तक पंजीयन का सिलसिला अनवरत जारी रहा। कार्यक्रम में दिल्ली के तेरापंथ समाज की सभी संस्थाओं की अच्छी सहभागिता रही। तेयुप दिल्ली के साथियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अतुलनीय श्रम नियोजित किया। कार्यक्रम संयोजक तथा तपोयज्ञ प्रभारी श्री विनोद चोरड़िया का श्रम उल्लेखनीय रहा।

## समियाए धम्मे




अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा निर्देशित समियाए धम्मे (सामायिक कार्यशाला) कार्यक्रम का आयोजन तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा 6 जून 2021 को सुबह 10.00 से 11.00 बजे ऑनलाइन जूम के माध्यम से किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में 'बहुश्रुत' साध्वीश्री कनकश्री जी द्वारा तेयुप दिल्ली को प्रदत्त पाथेय का प्रसारण किया गया उसके पश्चात् उपासक व संस्कारक श्री विमल गुनेचा ने जूम में उपस्थित सभी सदस्यों को सामूहिक सामायिक का प्रत्याख्यान के साथ अभिनव सामायिक का प्रयोग करवाया जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने तन्मयता से लाभ लिया और तेयुप दिल्ली के सदस्यों द्वारा **मैं हूं सामायिक साधक** के फार्म भी भरवाए गए, कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री श्री विकास सुराणा ने किया एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक श्री सौरभ आंचलिया ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एवं 'मैं हूं सामायिक साधक' सकल्प लेने हेतु सभी किशोरों और युवाओं के प्रति आभार एवं कार्यक्रम संयोजक श्री सौरभ आंचलिया के प्रति साधुवाद।

**Nice Enterprises (Royal Touch )**

Deals in : Body Cover, Steering Cover, and Car Accessories

Anil Baid - 9312392226




तपोयज्ञ

तेयुप दिल्ली ने **तपोयज्ञ** के अन्तर्गत प्रथम कार्यक्रम 1 दिन 1 युवक 1 उपवास शुरू किया। कार्यक्रम के प्रति परिषद् के साथियों के उत्साह का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम शुरू होने के मात्र तीन दिन के भीतर ही आगामी तीन माह (जो कि इस कार्यक्रम की निर्धारित अवधि थी) के सभी दिन के लिये कम से कम 1 युवक की सहमति प्राप्त हो गयी।

कार्यक्रम की शुरूआत जैन संस्कार विधि से की गयी। कार्यक्रम में 75 साथियों ने कर्म निर्जरा के साथ आत्म कल्याण किया व 107 उपवास की भेंट गुरु चरणों में अर्पित करी।

कार्यक्रम में प्रतिदिन कम से कम 1 युवक के उपवास करने का लक्ष्य रखा गया। कार्यक्रम तीन माह तक अनवरत चला। कोरोना जैसी महामारी के समय में भी सभी साथियों के उपवास की पूर्णतया साता रही, ऐसे विपरीत समय में भी यह कार्यक्रम धर्म प्रभावना बढ़ाने में पूर्णतया सफल रहा।

कार्यक्रम के दौरान 2 सामुहिक उपवास के महापर्व संवत्सरी व भिक्षु चरमोत्सव भी आये उनके उपवास की संख्या के अतिरिक्त ये उपवास हुये। संवत्सरी के समय तीन साथियों ने बेला किया व 1 साथी ने तेला किया व उपवास की लड़ी को टूटने नहीं दिया। अपने विशेष संदेश के माध्यम से अभातेयुप ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी सहभागी व सहयोगी साथियों का सहृदय साधुवाद।

तपोयज्ञ प्रभारी श्री विनोद चोरड़िया ने इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से संचालन में अनुकरणीय श्रम नियोजित किया।







JUPITER MARBLES
Deals in : All Type of Marbles & Tiles
Manoj Mukesh Borar - 9313662366

## भिक्षु चरमोत्सव पर उपवास

तेरापंथ के आद्यप्रवर्त्तक आचार्यश्री भिक्षु के 218 वें चरमोत्सव के अवसर पर अभातेयुप द्वारा उपवास के साथ आहुति देने का आह्वान किया एवं उपवास के द्वारा कर्म निर्जरा के साथ आत्मकल्याण का अवसर भी दिया। तेयुप दिल्ली ने इस कार्यक्रम का पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग लेते हुए 239 उपवास के पंजीयन किये। आचार्य भिक्षु के चरमोत्सव पर पूरा दिल्ली तपोमय लग रहा था। दिल्ली परिषद् पंजीयन संख्या के हिसाब से अभातेयुप के सभी परिषदों में **द्वितीय** स्थान में रहा।

सभी सहयोगी व सहभागी साथियों व सकल श्रावक-श्राविका समाज के प्रति आभार एवं कार्यक्रम सफल बनाने हेतु तपोयज्ञ प्रभारी श्री विनोद चोरड़िया को साधुवाद।

## प्रभु पार्श्व प्रणति 1008 उपवास

प्रभु पार्श्व जयन्ती उपवास अभातेयुप के आह्वान पर 8 जनवरी 2021 को आयोजित किया गया। तेयुप दिल्ली सर्वप्रथम 501 से अधिक उपवास करवाने का संकल्प लेने वाली परिषद् बनी। कोरोना जैसी महामारी के दौरान इतना बड़ा संकल्प अपने आप में चुनौतीपूर्ण था। तेयुप दिल्ली ने पूर्ण उर्जा के साथ 1 दिन में 600 से अधिक उपवास प्रभु चरणों में अर्पित कर दिल्ली परिषद् को तपोयज्ञ में तृतीय स्थान दिलाया। तेयुप दिल्ली का पूरा प्रबंध मंडल तपोयोगी बना। इसमें तेयुप दिल्ली के साथियों के साथ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली व क्षेत्रीय सभाओं, तेरापंथ महिला मंडल, दिल्ली व तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, दिल्ली की सहभागिता / सहयोग मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तपोयज्ञ में सहभागी व सहायक बने सभी साथियों के प्रति आभार एवं तपोयज्ञ प्रभारी श्री विनोद चोरड़िया के प्रति साधुवाद।

## प्रभारी की कलम से

तपोयज्ञ - यानि तप का महायज्ञ

विशुद्ध धार्मिक अनुष्ठान, कर्मनिर्जरा के साथ आत्मकल्याण, मानसिक व शारीरिक स्वस्थता, गुरु इंगित की आराधना, वर्तमान की विषम परिस्थितियों में भी आध्यात्मिक व सकारात्मक उर्जा का संचार इत्यादि अनगणित गुणों का खजाना तपोयज्ञ में समाहित है। उपवास व अन्य तप करने वाले सैंकड़ों सहभागियों के जोश व उत्साह को नमन।

तपोयज्ञ का प्रभारी बनाने के लिए अध्यक्ष श्री प्रवीण जी एवं मंत्री श्री विकास जी सहित तेयुप दिल्ली का सहृदय आभारी हूं।

**विनोद चोरड़िया**
तपोयज्ञ प्रभारी

SHREE ARHAM ELECTRONICS
Deals in : Overseas Import Cargo Handling
Sunil Chhajer - 9810430802

# संस्कार निर्माण कार्यशाला में सहभागिता :

सत्र 2019-20 में दिल्ली जैन संस्कार विधि ने 19 संस्कारक अपनी सेवायें दे रहे थे।

## संस्कारकों का आगाज

जैन संस्कार विधि सत्र 2020-21 में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्त्वधान में ऑनलाइन संस्कारक निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यशालाओं का समय-समय पर आयोजन हुआ जिसकी निष्पत्ति बहुत अच्छी रही।

**23 जुलाई 2020 से 26 जुलाई 2020**

1. श्री सुरेन्द्र नाहटा - ऋ श्रेणी
2. श्री विनीत मालू - ऋ श्रेणी
3. श्री मनीष बरमेचा - धी श्रेणी

**27 अगस्त 2020 से 30 अगस्त 2020**

1. श्री राजेश जैन - धी श्रेणी

**28 जनवरी 2021 से 31 जनवरी 2021**

1. श्री इन्द्र बैंगानी - ऋ श्रेणी

**23 मई 2021 से 26 मई 2021**

1. श्री संजय संचेती - धी श्रेणी

सभी नये संस्कारकों का जैन संस्कार विधि टीम दिल्ली में हार्दिक स्वागत अभिनन्दन। आप सभी इस विधि को आगे बढ़ाने में अपनी सेवायें निःस्वार्थ भावों से देते रहेंगे। ऐसी मंगलकामना।

# जैन संस्कार विधि प्रचार-प्रसार

अपने संस्कार अपनी विधि : मानव जीवन में घटित होने वाले मांगलिक कार्यों को जैन संस्कार विधि द्वारा निष्पादित करने हेतु जन मानस को प्रोत्साहित करने एवं जैन संस्कार विधि के प्रचार-प्रसार में तेयुप दिल्ली सतत् प्रयत्नशील है।

परिषद् द्वारा जैन संस्कार विधि से होने वाले मांगलिक आयोजनों हेतु संस्कारक उपलब्ध कराये जाते हैं और सामाजिक स्तर पर जैन विधि अपनाने के लिए उत्साहवर्धन किया जाता है। इसी श्रृंखला में भगवान महावीर निर्वाण दिवस (दीपावली) के अवसर पर जैन संस्कार विधि द्वारा दीपावली पूजन कार्यशाला ऑनलाइन जूम एप के माध्यम से आयोजित की गई जिसमें संस्कारक श्री विमल गुनेचा ने दीपवली पूजन विधि से अवगत कराया एवं संस्कारक व राज्य प्रभारी श्री सुशील डागा, श्री सुभाष दुगड़ ने सुनियोजित तरीके से कार्यशाला को संपादित किया। जूम में उपस्थित सभी श्रावक समाज का आभार ज्ञापन प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा ने किया। इस कार्यशाला के फलस्वरूप सम्पूर्ण दिल्ली में 650 से अधिक दीपावली पूजन जैन संस्कार विधि द्वारा संपादित हुए। सभी के प्रति साधुवाद।

HMB ENGINEERING
Mfg. of : Wire Mesh in All Metal
Amit Minni- 9911399006

# जैन संस्कार विधि

जहां जीवन है वहां अनेक प्रकार की स्थितियों का आगमन होता है तथा अनेक प्रकार के संस्कारों द्वारा संस्कारित होना होता है। उनमें समय-समय पर परिष्कार की अपेक्षा भी होती है। जैन संस्कार विधि का प्रादुर्भाव हुआ। यह किसी प्रक्रिया का रूप ना होकर मात्र अपने आप को अल्पारंभ और अल्प परिग्रह की दिशा में ले जाने का प्रयत्न होगा तो निश्चित ही जीवन के लिए दिशा-दर्शन बन सकेगा। जीवन के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों में जैन संस्कार विधि का उपयोग हो इसी उद्देश्य को लक्षित करते हुए दिल्ली एनसीआर में इस कार्यकाल के दौरान लगभग 123 कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित हुए

**वर्ष भर में जैन संस्कार विधि से सम्पादित होने वाले कार्य -**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शपथ ग्रहण समारोह ............................ | 2 |
| 2. | नामकरण संस्कार ............................ | 16 |
| 3. | जन्म-दिवस संस्कार व सालगिरह ............................ | 18 |
| 4. | रक्षा बंधन समारोह ............................ | 5 |
| 5. | तप अनुष्ठान संपूर्ति संस्कार ............................ | 1 |
| 6. | गृह-प्रवेश संस्कार ............................ | 14 |
| 7. | पारणा ............................ | 1 |
| 8. | शुभारम्भ संस्कार (व्यापारिक प्रतिष्ठान)............................ | 15 |
| 9. | स्मृति सभा का आयोजन ............................ | 11 |
| 10 | विवाह संस्कार ............................ | 7 |
| 11. | दीपावली पूजन कार्यशाला ............................ | 2 |
| 12. | दीपावली पूजन समारोह ............................ | 23 |
| 13. | नया साल समारोह ............................ | 1 |
| 14. | शिलान्यास संस्कार ............................ | 2 |
| 15. | ज्ञानशाला शुभारंभ ............................ | 1 |
| 16. | बही खाता पूजन ............................ | 4 |

जैन संस्कार विधि कार्यक्रम आयोजनों में प्रभारी श्री प्रकाश सुराणा, श्री सुशील डागा (जैन संस्कार विधि राज्य प्रभारी) श्री विमल गुनेचा, श्री सुभाष दुगड़, श्री कमल सेठिया, श्री पवन गिड़ीया, श्री प्रवीण गोलछा व श्री मनीष बरमेचा ने 9 से अधिक संस्कार कार्यक्रमों के सम्पादन में उल्लेखनीय सहयोग दिया। समस्त संस्कारकों विशेषतः श्री अशोक संचेती, श्री संजय खटेड़, श्री राजकुमार जैन, श्री पुखराज सुराणा, श्री इन्द्र बैंगाणी, श्री जतन श्यामसुखा, श्री हेमराज राखेचा, श्री ललित श्यामसुखा, श्री हिम्मत राखेचा, श्री राजेश दुगड़, श्री सौरभ आंचलिया, श्री विकास सुराणा, श्री अशोक सेठिया, श्री राजेश जैन व श्री भरत बेगवानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के प्रति साधुवाद। परिषद् को अनेक व्यक्तियों द्वारा जैन संस्कार हेतु स्वैच्छिक विशेष अनुदान प्राप्त हुआ तदर्थ सभी के प्रति मंगलकामना।

श्रद्धाप्रणत:

श्री आनन्द कुमार कुशाल गंदैया

राजगढ़ - दिल्ली मो. :9811335676

## प्रभारी की कलम से ......

जैन संस्कार विधि जो कि हमारी विधि है इस विधि के नाम मात्र से ही हमें अपनेपन का अहसास होता है। दिल्ली के लिये सत्र 2020-21 जैन संस्कार विधि के संदर्भ में ऐतिहासिक रहा। जैन संस्कार के द्वारा 123 कार्यक्रम पूर्ण मंगल मंत्रोच्चार के द्वारा कार्यक्रम संपादित किये गये व 650 से अधिक दीपावली पूजन हमारे श्रावक-श्राविका समाज द्वारा अपने आप संपादित किए गये। इतनी विषम परिस्थितियां में भी जहां सामान्यतया घर से बाहर जाने में भी घबराहट होती है उसके बावजूद हमारे संस्कारकों ने पूर्ण जोश व उत्साह के साथ सभी कार्यक्रम सम्पन्न करायें। मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता हूं कि मुझे ऐसे कर्त्तव्यनिष्ठ संस्कारकों का साथ मिला। मुझे जैन संस्कार विधि का प्रभारी बनाने के लिये तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल व मंत्री श्री विकास सुराणा व पूरी तेयुप टीम का हार्दिक साधुवाद। आपने इस छोटे से कार्यकर्त्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी एवं मैंने अपना पूरा प्रयास किया इसे निभाने का फिर भी यदि परिषद् के पदाधिकारियों व परिषद् के किसी भी सदस्यों को जाने-अनजाने में कुछ कड़वा कहा हो, किसी के दिल को ठेस पहुंचाई हो उसके लिए मैं बारम्बार खमत खामणा करता हूं।

ॐ अर्हम्

**प्रकाश सुराणा**
जैन संस्कार विधि प्रभारी



**TWINKLE INDUSTRIES**

**Deals in:- All Type of Fabrics**

**Vikas Choradia - 9870466552**

# जैन संस्कार विधि कार्यक्रम




**Nice Media & Entertainment**
Chhotulal Sanjeev Drish Chindalia
Ph- 9310784081

# MBDD रक्तदान - महादान

परिषद् द्वारा समाज में आवश्यकता पड़ने पर तथा परिषद् को अवगत कराने पर परिषद् के साथियों द्वारा हॉस्पीटल जाकर समय-समय पर रक्तदान एवं प्लाज्मा दान किया गया। परिषद् के आह्वान पर रक्तदान एवं प्लाज्मा हेतु उपस्थित सभी साथियों के प्रति हार्दिक साधुवाद।

रक्तदान प्रभारी की कलम से ........

सादर जय जिनेन्द्र

अध्यात्म जगत के उज्जवल नक्षत्र तीर्थंकर के प्रतिनिधि आाचार्यश्री महाश्रमण जी के श्री चरणों में श्रद्धाभक्ति वंदन। मातृहृदया साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के चरणों में वंदन। दिल्ली में विराजित चारित्रात्माओं के चरणों में वंदन।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने उद्देश्य सेवा, संस्कार, संगठन जिसमें सेवा के क्षेत्र में मानव सेवा का महान कार्य रक्तदान जिसके लिए अभातेयुप में **MBDD** का कार्य प्रारम्भ किया। इस कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर मिला। मानवता के इस कार्य में मेरी विशेष रूचि रही है। यह कार्य कर के जो आत्मतोष मिलता है उसको शब्दों में उल्लेख करना मश्किल है। यह कार्य करने तेयुप के युवा साथी हमेशा तत्पर रहते है। यह अनुभव मैंने इस कार्यकाल के दौरान किया। जब भी मैंने किसी सदस्य को रक्तदान एवं प्लाजमा के लिए सम्पर्क किया लगभग सभी ने अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

कोरोना महामारी में भी तेयुप के सदस्यों में जो समर्पण, सजगता, सेवाभाव देखा अविस्मरणीय है। रक्तदान के महत्त्व और इसकी आवश्यकता से आप सभी भली भांति परिचित हैं। मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं मुझे इस सेवा कार्य को करने का मौका मिला।

मैं आभार व्यक्त करता हूं तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल को जिन्होंने मुझ पर विश्वास कर यह दायित्व निर्वाह करने का अवसर दिया। तेयुप दिल्ली के सभी साथियों एवं रक्तदाताओं का भी बहुत-बहुत आभार जिन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान पूर्ण सजगता से मेरा साथ दिया और आगे भी अपनी पूर्ण सामर्थ और सजगता से मानवता के इस सेवा कार्य से बढ़चढ़ कर जुड़ने का प्रयास करेंगे और तेरापंथ युवक परिषद् का गौरव बढ़ायेंगे।

इस कार्यकाल में 40 रक्तदान एवं 16 प्लाजमा दान के कार्य संपादित किये गये।

**मुकेश बोथरा**
रक्तदान प्रभारी

**BABA LACE AND FABRIC**
**Deals in: All Type of Net Fabrics**
**Sourabh Kothari - 9811085679**

# रक्तदान - प्लाज्मा दान








श्रद्धाप्रणत :

**श्रीमती मंजू देवी पवन श्यामसुखा**

तारानगर - दिल्ली मो. 7210282503

# नेत्रदान - महादान

अभातेयुप के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा संचालित नेत्रदान जागरूकता अभियान के अन्तर्गत इस वर्ष विषम परिस्थितियों के उपरान्त भी सभी साथियों ने अपनी जागरूकता दिखायी। इस वर्ष नेत्रदान प्रभारी श्री मनोज मालू के अथक प्रयास से **पांच नेत्रदान** के कार्य संपादित हुये, उनके प्रति साधुवाद।

**प्रभारी की कलम से .............**

आराध्य के श्री चरणों में सभक्ति वंदना। गुरूओं के उपदेश से प्रेरित अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के संकल्प को सेवा भावना को वंदन। मेरा सौभाग्य है कि अभातेयुप ने मुझे इस मानवता के प्रकल्प में दिल्ली एनसीआर की जिम्मेदारी प्रदान की। आपका अनंत आभार। मेरा कई वर्षों से प्रयास रहा है कि नेत्रदान जैसे महनीय कार्य में किसी भी तरीके से मैं अपना योगदान दे सकूं। किसी नेत्रहीन के जीवन में एक बड़ा बदलाव ला सकूं। जब कभी नेत्रदान में निमित बनने का अवसर मिलता है उससे प्राप्त आत्म संतुष्टि को शब्दों वर्णन करना संभव नहीं है। मैं तेयुप संगठन के माध्यम से सभी को आह्वान करता हूं कि सभी न ही केवल नेत्रदान में सहयोगी बने बल्कि नेत्रदान का संकल्प भी अवश्य लें।

इस वर्ष कोरोना महामारी के वशीभूत नेत्रदान के उपक्रम में वांछित सफलता नहीं मिली पर हम सभी दृढ़ संकल्पित है कि अनुकूल समय में नेत्रदान की ज्योति को और भी अधिक प्रज्जवलित करेंगे।

सभी तेयुप के साथियों का हृदय से आभार जिन्होंने मुझे पूर्ण सहयोग दिया। आप सभी से निवेदन है कि नेत्रदान के कल्याणकारी कार्य हेतु समाज को प्रेरित करते रहें। इस वर्ष जितने भी नेत्रदान हुए हैं सभी पुण्यात्माओं के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि एवं उनकी उत्तरोत्तर आध्यात्मिक विकास की मंगलकामना।

**मनोज मालू**
नेत्रदान प्रभारी

# भवन गति- प्रगति

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली द्वारा क्रय भवन का शिलान्यास गत वर्ष हुआ था और निर्माण कार्य प्रगति पर है लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आगामी कुछ महीनों में संपूर्ण होने की संभावना है।

# विशेष सहयोग

किसी भी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में विशेष अपेक्षा रहती है अर्थ की। परिषद को अनेकानेक उदारमना महानुभावों एवं सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। सभी संस्थाएं एवं महानुभाव जिन्होंने परिषद् के कार्यक्रमों में स्थान, अर्थ एवं सामग्री उपलब्ध कराई उन समस्त सहयोगियों के प्रति हार्दिक साधुवाद। आशावान हूँ कि भविष्य में भी परिषद् को सभी का सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहेगा।

श्रद्धाप्रणत :
सुचित सुशांत फुलफगर
छोटी खाटु - दिल्ली

## तपनुमोदना

तपस्वियों का अभिनंदन एवं तप की अनुमोदना निर्जरा का हेतु है। परिषद् के सदस्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में तप रूपी महायज्ञ में आहुति देने वाले सभी तपस्वियों के तपनुमोदना में सहभागी बन उनके प्रति आध्यात्मिक मंगलकामनाएं एवं शुभ पृच्छा की जाती है। परिषद् के लिए आध्यात्मिक गौरव का विषय है प्रति वर्ष परिषद् क अनेक सदस्यों के द्वारा आत्मशुद्धि के महायज्ञ में तपस्या से निरंतर सहभागिता रहती है।

## चरित्रात्माओं के रास्ते की सेवा - उपासना

संघ सेवा को सदैव तत्पर रहती है धर्मसंघ की युवाशक्ति। चरित्रात्माओं के विहार व रास्ते की सेवा उपासना के माध्यम से संघीय दायित्व निर्वहन कर तेयुप, दिल्ली के युवा साथियों ने अपना अध्यात्मिक विकास किया। जिसमें सेवा प्रभारी श्री मंयक दुगड़ ने सजगता से अपने दायित्व का निर्वहन किया। सेवा उपासना में सहभागी बने सभी युवा साथियों का साधुवाद। दिल्ली के क्षत्रों में चरित्रात्माओं के रास्ते की विहार सेवा तथा दिल्ली के बाहर भी चारित्रात्माओं के विहार सेवा में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार है-

युवक परिषद दिल्ली द्वारा डॉ. साध्वीश्री कुन्दनरेखाजी ठाणा-4, के हरियाणा की ओर विहार में स्वास्तिक पाइप फेक्टरी से सांपला तक की रास्ते की सेवा में तेयुप दिल्ली ने विहार सेवा का लाभ लिया।



श्रद्धाप्रणतः

बुधमल जी जतन श्यामसुखा

श्रीडूंगरगढ़-दिल्ली मो.: 8368108585

## शनिवार सामायिक

तेरापंथ युवक परिषद् दिल्ली ने गुरू इंगित की आराधना करते हुये प्रत्येक शनिवार को सामायिक करने के लिये सदस्यों एवं श्रावक समाज को जागरूकता हेतु सजगता से समय - समय पर संदेश प्रेषित किये।

## जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर शुभकामना संदेश

परिषद् के संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा ने सभी सदस्यों को परिषद् की धारा से जोड़ने हेतु उनके जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर शुभकामना संदेश वाहट्सप् के माध्यम से प्रेषित किये।

## कार्यकारिणी बैठकें

परिषद् के त्रिआयामी उद्देश्यों की प्राप्ति, सदस्यों में आपसी समन्वय, विचारों के आदान-प्रदान तथा सामूहिक संघीय कार्यो को संपादित करने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समय-समय पर कार्यसमिति की बैठकें आयोजित कर परिषद् के चहुंमुखी विकास की योजना एवं कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाता है। आलौच्य वर्ष में कार्यकारिणी की सात बैठकें आयोजित की गई, जिनमें कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं बनी व क्रियान्वित की गई।

## सदस्यता

किसी भी संगठन का आधार होता है उसके सदस्य। संघ प्रभावना में वृद्धि एवं संघ सेवा के लिए हम सभी का दायित्व है कि 21 से 45 वर्ष की आयु के तेरापंथी युवकों को परिषद का सदस्य बनाकर संघ की गतिविधियों में सक्रियता से सहभागी बनाएं आलोच्य अवधि में कुछ नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई। जिसमें श्रम नियोजित किया संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा ने। वर्तमान में परिषद् के सदस्यों की संख्या इस प्रकार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 2019-20 के आधार पर आजीवन सदस्य | - 1191 | |
| 2020-21 के नये आजीवन सदस्य | - 29 | |
| आलौच्य वर्ष में सेवानिवृत आजीवन सदस्य | - 56 | |
| आलौच्य वर्ष में दिवंगत सदस्य | - 2 | |
| कुल आजीवन सदस्य | - 1162 | |
| किशोर मंडल सदस्य (2019-20) | - 36 | - |
| किशोर मंडल नये सदस्य (2020-21) | - 01 | - |
| कुल किशोर मंडल सदस्य | - 37 | |

**JAI BHIKSHU PLYWOOD**

Deals in: All Type of Plywood & Veneer

Ajay Raj Ranka - Ph 9310267962

## ज्ञानशाला संचालन में सहभागिता

संघ का अति महत्वपूर्ण व स्थायी उपक्रम एवं संस्कार निर्माण का माध्यम है ज्ञानशाला। तेयुप दिल्ली के कार्यकर्ता दिल्ली में संचालित 14 केन्द्रों पर व्यवस्थाओं में सहयोग कर सेवा व संस्कार के इस महनीय उपक्रम में अपनी दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा दिल्ली के तत्वाधान में नियोजित होने वाली ज्ञानशालाओं में सेवा प्रदान करने वाले तेयुप के कार्यकर्ता के रूप में दिल्ली ज्ञानशाला प्रभारी श्री मनीष पुगलिया एवं समस्त ज्ञानशाला सहप्रभारियों ने यथोचित सेवाएं प्रदान की, समस्त साथियों को साधुवाद।

## संघीय कार्यक्रमों में सहभागिता

दिल्ली तेरापंथ धर्म संघ का एक महत्वपूर्ण स्थान है, यहां संघीय संस्थाए समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती हे तेयुप दिल्ली भी अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराती रहती है।

## दिल्ली सभा एवं क्षेत्रीय सभाओं में प्रतिनिधित्व

गणाधिपति पूज्य गुरूदेव तुलसी युवक परिषद को कार्यकर्ताओं की फैक्ट्री कहा करते थे, आज हम गौरव के साथ कह सकते हैं कि दिल्ली सभा हो अथवा क्षेत्रीय सभा प्रत्येक स्थान पर परिषद के भूतपूर्व सदस्य कार्यकर्ता तो है ही वर्तमान के सदस्य भी सभी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व कर जागरुकता से अपने अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

## श्रद्धांजलि



स्व. विमलजी सुराणा



स्व. नरेश गोलछा



स्व. हर्ष गोलछा

यह वर्ष परिषद एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति वाला वर्ष रहा। 2020-21 में परिषद के परामर्शक श्री विमलजी सुराणा सहित एवं दो कर्मठ सदस्य श्री नरेश गोलछा, श्री हर्ष गोलछा स्वर्गस्थ हो गए। परिषद परिवार आपको विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए नतमस्तक है तथा आप तीनो की आध्यात्मिक प्रगति की मंगलकामना करती है। अलोच्य वर्ष में दिवंगत तेरापंथ धर्मसंघ के चरित्रात्माओं व श्रावक श्राविकाओं के प्रति आत्मिक श्रद्धांजलि। परिषद् की ओर से सभी के उत्तरोत्तर अध्यात्मिक विकास की मंगलकामना।

प्रथम समाज भूषण स्व. छोगमल जी चोपड़ा
की पूण्य स्मृति में
देवचंद पवन कुमार चोपड़ा - 9868505932

# कृतज्ञोऽस्मि

सर्वप्रथम अनन्य कृतज्ञता स्वप्नदृष्टा गणाधिपति पूज्य गुरूदेव श्री तुलसी के प्रति जिनका भविष्यात्मक दृष्टि की निष्पति है तेरापंथ युवक परिषद्। स्मरण एवं नमन युगदृष्टा, युगसृष्टा, वितराग तुल्य आचार्यश्री महाप्रज्ञ जी को जिन्होंने इस संगठन को अपना वात्सल्य एवं पथ दर्शन प्रदान किया।

हम तो निमित्त मात्र हैं। संगठन में जो भी कार्य हुए है, हो रहे हैं, वे पूज्यप्रवर आचार्यश्री महाश्रमणजी की महती कृपा एवं दिव्य आशीर्वाद का ही परिणाम है। पूज्य चरण में अनंत अनंत कृतज्ञता श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्रीजी, श्रद्धेया मुख्य नियोजिकाजी, मुख्य मुनि व साध्वीवर्या जी के प्रति जिनका पाथेय एवं दिशा-निर्देश हमें निरंतर प्राप्त हुआ।

परिषद् कार्यकर्त्ताओं को सतत् प्रेरणा एवं प्रोत्साहन हेतु तेयुप के अध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनि श्री योगेशकुमारजी के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं, कृतज्ञता समस्त चारित्रात्माओं के प्रति जिनका पावन सान्निध्य प्रेरणा एवं मार्ग दर्शन हमें विगत चातुर्मास में प्राप्त हुआ और चातुर्मास पश्चात् भी निरंतर प्राप्त हो रहा है।

# आभार

तेयुप दिल्ली का मंत्री पद जहां एक ओर सात्विक गौरव की अनुभूति कराता है वहीं दूसरी ओर दायित्व बोध का भान भी कराता है। मैं जीवन के उन क्षणों को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता जब मुझे हमारे कर्मठ व स्वस्थ चिंतन के धनी अध्यक्ष श्री प्रवीण डुंगरवाल ने तेयुप जैसी गतिशील व गौरवशाली संस्था का मंत्री मनोनीत किया। मैने हमेशा प्रयत्न किया कि आपके निर्देशन में आप द्वारा प्रदत्त विश्वासपूर्ण दायित्व का निर्वहन करूं। आपका कुशल नेतृत्व व प्रदत्त स्नेह ही मेरे प्रत्येक कार्य को सम्पादित करने में सहायक बना। मैं परिषद् के सम्माननीय उपाध्यक्ष श्री नितेश बैद, श्री राकेश बैंगानी, सहमंत्री श्री मनीष महनोत, श्री आलोक लूणिया, कोषाध्यक्ष श्री विकास बोथरा, संगठन मंत्री श्री प्रवीण गोलछा एवं निवर्तमान अध्यक्ष श्री संजय संचेती द्वारा प्रदत्त सहयोग को कभी भी विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होने प्रतिपल मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिषद् को नई ऊँचाईयां प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया। मेरे पदाधिकारियों ने खुले मन से मुझे सहयोग प्रदान किया, सभी के प्रति हार्दिक-हार्दिक आभार। परिषद् के परामर्शक मंडल श्री संजय खटेड़, श्री डालमचन्द बैद, स्व. विमलजी सुराणा, श्री इन्द्र बैंगानी एवं श्री संदीप डुंगरवाल के मार्गदर्शन ने मेरे कार्य को सरल किया, कार्यसमिति सदस्यगण, क्षेत्रीय सहयोगी एवं समिति सदस्यों के श्रम एवं सतत् सहयोग तथा परिषद् के युवा साथियों की जागरूकता एवं सक्रियता से ही समस्त कार्य सफलतापूर्वक सम्पादित हो सके, तदर्थ हृदय से आभारी हूं।

सदा की तरह परस्पर सहयोग के साथ एक-दूसरे के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागी बनते है- तेरापंथ युवक परिषद् जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली, तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समति दिल्ली एवं सभी क्षेत्रीय सभाए। दिल्ली सभा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री तेजकरण सुराणा एवं वर्तमान अध्यक्ष श्री जोधराज बैद, तेममं की अध्यक्षा श्रीमती निर्मला कोठारी, टी.पी.एफ. नोर्थ जोन अध्यक्ष श्री श्रील लुंकड, टी.पी.एफ अध्यक्ष श्री कांति श्यामसुखा, अणुव्रत समति दिल्ली के अध्यक्ष श्री शांतिलाल पटावरी एवं सभी क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष सहित पूरी टीम के प्रति अंतः हृदय से आभार व साधुवाद।

**MADHUBALA CREATIONS**

**Deals in: IFB Domestic Appliances**

**ARVIND KUMAR GOTHI- 9810114949**

तेयुप दिल्ली की गतिविधियों के संचालन हेतु अणुव्रत भवन एवं अध्यात्म साधना केन्द्र में स्थान की सहर्ष उपलब्धता कराने हेतु अणुव्रत न्यास के प्रबंध न्यासी श्री के. सी. जैन का हार्दिक आभार।

संघीय समाचारों के साप्ताहिक मुखपत्र 'अखिल भारतीय तेरापंथ टाइम्स' के संपादक श्री संदीप कोठारी दिल्ली परिषद् के कार्यक्रमों को प्रकाशन में समुचित स्थान दिया तदर्थ आभार।

वैधानिक कार्यो के संपादन एवं अंकेक्षक की सेवाओं हेतु श्री विजय चोपड़ा का हार्दिक आभार,

ओसवाल भवन (शाहदरा), तेरापंथ भवन (कृष्णा नगर), उग्रसेन खिलौनी देवी धर्मशाला (पीतमपुरा), गोयल आस्था भवन (शालीमार बाग), गोयल श्रद्धा भवन (ग्रीन पार्क), तेरापंथ भवन (रोहिणी), तेरापंथ भवन (मॉडल टाऊन), तेरापंथ भवन (मानसरोवर गार्डन) द्वारा स्थानों की उपलब्धता कराने हेतु संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं व्यवस्था समितियों का हार्दिक धन्यवाद।

परिषद् कार्यक्रमों की सफल निष्पत्ति में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोगी समस्त संस्थाओं, श्रावक समाज एवं समर्पित युवा साथी, जिनका मैं नामोल्लेख नही कर पाया हूँ, हृदय से आभार।

मैं प्रतिपल आभारी हूं मेरे पिता श्री पुखराज सुराणा मातुश्री श्रीमती किरणदेवी सुराणा जिन्होंने बचपन से मुझमें सेवा संस्कारों का बीजारोपण किया व संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान की। मेरे कार्य में योगभूत बने परिवारिकजन, एवं मेरे सभी मित्रजन आदि के प्रति हृदय से आभार।

मैं विशेष आभारी हूं मेरी धर्मपत्नी श्रीमती रचना सुराणा पुत्री पहर एवं पुत्र हितांश का जिनके सहयोग के बिना दायित्व निर्वहन आसान नहीं था। मैने परिषद् के प्रति जितना भी समर्पण किया, इसका पूरा श्रेय मेरे परिवार को जाता है। सभी के प्रति शुभकामनाएं-आभार।

## शुभशंषा

तेयुप दिल्ली एक राज्यस्तरीय परिषद् है और इस वृहद् क्षेत्र में परस्पर सम्पर्क और संवाद का सशक्त माध्यम बनते हैं। विभिन्न क्षेत्रों के क्षेत्रीय संयोजक। क्षेत्रीय संयोजक श्री कुशाल गदैया, श्री अमित मिन्नी, श्री अंकित बैद, श्री अशोक सिंघी, श्री विरेन्द्र दुगड़, श्री सुनील गिड़िया, श्री विक्रम सुराणा, श्री निखिल भूतोड़िया, श्री प्रतीक चिण्डालिया, श्री विनीत बोथरा, श्री गौरव बच्छावत, श्री मुदित लोढ़ा, श्री मनीष बरमेचा एवं सभी सह-संयोजको ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

विभागीय प्रभारी श्री अमित डुंगरवाल, श्री प्रकाश सुराणा, श्री विनोद चोरड़िया, श्री मंयक दुगड़, श्री मनीष पुगलिया, श्री प्रतीक गिड़िया, श्री प्रभात खटेड़, श्री मनोज मालू, श्री पवन श्यामसुखा, श्री राकेश पुगलिया, श्री राजेश दुगड़, श्री राहुल बोथरा, श्री मुकेश बोथरा, श्री पवन नाहर, श्री अनिरूद्ध जैन, श्री पराग जैन सहित सभी सह-प्रभारी, किशोर मंडल के संयोजक, सह-संयोजक एवं ज्ञानशाला के क्षेत्रीय संयोजकों द्वारा अपने कर्तव्यों का सजगता से पालन किया। इनके शुभ भविष्य की मंगलकामना।

श्रद्धाप्रणतः
कमलसिंह, इन्द्र, संजय, धर्मेश बैंगानी
लाडनूं-दिल्ली

परिषद् के समस्त कार्यसमिति सदस्य, योजना एवं समन्वय समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा परिषद् के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु साधुवाद। इनके अतिरिक्त कई प्रिय एवं कर्मठ साथी और हैं जिन्होने अपना अमूल्य समय और श्रम नियोजित कर परिषद् के कार्यक्रमों को सफल बनाया। उन सभी युवा साथियों का, जिनका उल्लेख मैं यहां नहीं कर पाया हूं, सभी के प्रति मेरा आभार।

सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं की शुभाशंसा करता हुआ यही मंगलकामना करता हूं कि भविष्य में भी सभी युवा साथी सक्रिय सहयोगी एवं सहभागी बनकर परिषद् को नित नई ऊंचाईयां प्रदान करने में योगभूत बनेंगे।

## क्षमायाचना

दायित्व निर्वहन करते समय गलतियां हो जाना या अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य न हो पाना स्वाभाविक है। अगर मेरे अथवा परिषद् के किसी भी सदस्य द्वारा किसी प्रकार की अविनय असातना हुई हो या इंगित की अराधना नहीं हो पाई हो तो पूज्यप्रवर एवं समस्त चारित्रात्माओं से बारंबार खमत खामणा करता हूं। दिल्ली के संपूर्ण तेरापंथ समाज को परिषद् से अपेक्षाएं रहती हैं, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हुई कोई भी भूल, जिससे किसी के हृदय में ठेस पहुंची हो तो सभी से शुद्ध अंतःकरण से क्षमा याचना करता हूं।

## मंगलकामना

अंत में मैं मंगल कामना करता हूं, कि परिषद् उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहे। प्रगति में सभी साथियों को योगभूत होने का सुअवसर सहज प्राप्त हुआ है, इस अवसर का यथोचित लाभ लें। पूज्यवरों की दृष्टि की अराधना करते हुए निज और पर का कल्याण करने का लक्ष्य बनाएं व संघ सेवा -संघ प्रभावना वृद्धि में सहभागी बनें। नया नेतृत्व एवं नई टीम परिषद् के त्रिआयामी उद्देश्यों को लक्षित करते हुए विकासोन्मुख हो परिषद् को अधिक नई ऊंचाईयां देंगे,

इसी मंगल कामना के साथ -

*ॐ अर्हम्*

27 जून 2021

**विकास सुराणा**
**(मंत्री)**

**OSWAL MARBLES**

**A House of exclusive Marble,Granite and Stones**

**Kailash Amit Rohit Dungarwal - 9810295737**



श्री पवन नाहर
(किशोर मंडल प्रभारी)



श्री सौरभ सिंघी
(किशोर मंडल संयोजक)



श्री यश बरड़िया
(किशोर मंडल सहसंयोजक)

# किशोर मंडल
## वार्षिक प्रतिवेदन - 2020-21

तेरापंथ युवक परिषद के अंतर्गत तेरापंथ किशोर मंडल एक ऐसा मंच जहां 15 से 20 वर्ष के किशोर धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करते है। आधुनिक युग में किशोरों में धर्म के प्रति अपनी भावनाओं को सुदृढ़ बनाये रखने में तेरापंथ किशोर मंडल निरन्तर प्रयासरत है। तेयुप द्वारा निर्देशित सेवा संस्कार एवं संगठन के कार्य और परिषद के कार्यक्रमों में सहभागिता के साथ किशोर मंडल द्वारा अनेक कार्यक्रम सम्पादित किए जाते है। किशोर मंडल प्रभारी श्री पवन नाहर व संयोजक श्री सौरभ सिंघी द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण सजगता से किया गया, दोनो के प्रति साधुवाद।

**15 वें वार्षिक किशोर मंडल वर्चुअल अधिवेशन में दिल्ली किशोर मंडल को मिला अवार्ड**

**Best Digital Outstanding Performer**

## तपोयज्ञ किशोर मंडल द्वारा

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली के तत्वावधान में तेरापंथ किशोर मंडल द्वारा आयोजित तपोयज्ञ प्राउड - 21, के अन्तर्गत 11 किशोरों ने उपवास की आहुति गुरूचरणों में भेंट की। सभी किशोरों के प्रति अनन्त साधुवाद।

## Zumba Event में सहभागिता

तेरापंथ कन्या मंडल चैन्नई द्वारा आयोजित जूम्बा इवेन्ट में किशोर मंडल दिल्ली ने जूम के माध्यम से ऑनलाइन जुड़कर इस कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम से जुड़े सभी किशोरों के प्रति साधुवाद।




श्रद्धाप्रणत : रतनलाल मुकेश प्रणेश जैन
सिसाय - दिल्ली
मो. 9810253671

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

## शुभाशंसा

महातपस्वी, युवामनीषी परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के श्रीचरणों में सभक्ति वंदना। महाश्रमणी श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभाजी को सविनय वंदना। आपके क्षेत्र अथवा निकटस्थ विराजित चारित्रात्माओं को सादर वंदना।

**'अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्'** परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन आध्यात्मिक संरक्षण एवं पथदर्शन में सेवा, संस्कार और संगठन के क्षेत्र में बहुमुखी गतिविधियों एवं आयामों का संचालन करती है। इन त्रिआयामी उद्देश्यों के अन्तर्गत किसी भी आयाम को गति देने के लिए अभातेयुप द्वारा केन्द्रीय स्तर पर एक आह्वान किया जाता है और 350 से अधिक शाखा परिषदों और 45000 से अधिक युवाओं का विशाल नेटवर्क समर्पित भाव से संगठन द्वारा निर्देशित उस कार्य को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हो जाता है। अभातेयुप का मुख्य उद्देश्य युवापीढ़ी को अध्यात्म, नैतिकता एवं सामाजिकता के सुसंस्कारों से पोषित करना है। गुरु इंगित की प्रतिपल आराधना के संकल्प के साथ हजारों युवक एवं किशोर इस संगठन के माध्यम से अपना स्वयं का सर्वांगीण विकास तो करते ही हैं साथ ही विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहयोगी बनते हैं।

**'तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली'** अभातेयुप की समर्पित शाखा परिषदों की श्रृंखला में एक सक्रिय एवं सक्षम शाखा परिषद है। विशाल क्षेत्रफल में फैली देश की राजधानी दिल्ली महानगर में प्रवासित तेरापंथ समाज के हजारों युवको व किशोरों को केन्द्रीय व राष्ट्रीय संगठन अभातेयुप से जोड़ने का दायित्व तेयुप दिल्ली द्वारा बखूबी निर्वहन किया जा रहा है। अभातेयुप द्वारा संचालित विभिन्न आयामों को गति देने एवं निर्देशित कार्य को सक्रियता के साथ पूरा करने का कार्य दिल्ली परिषद कर रही है।

प्रसन्नता का विषय है कि तेयुप दिल्ली के अध्यक्ष श्री प्रवीण डूंगरवाल के कुशल अध्यक्षीय नेतृत्व में सत्र 2020-21 का कार्यकाल सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रहा है एवं वार्षिक साधारण सभा आयोजित हो रही है। इस अवसर पर निवर्तमान टीम अपनी वार्षिक गति-प्रगति का आकलन करे एवं नवनिर्वाचित/नव मनोनीत टीम आगामी वर्ष में तेयुप को विकास के नए पायदान पर पहुंचाने का संकल्प करे। तेयुप का प्रत्येक सदस्य संघ व संघपति के प्रति पूर्ण निष्ठा भाव रखते हुए संगठन में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प ग्रहण करें। इस अवसर पर तेयुप के मंत्री श्री विकास सुराणा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। वार्षिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत वर्षभर का लेखा-जोखा तेयुप की गतिविधियों व उपलब्धियों को इतिहास के पृष्ठों में संरक्षित रखेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परिषद ने सत्र 2020-21 में **'सेवा'** के क्षेत्र में MBDD के अन्तर्गत 40 रक्तदान एवं 16 प्लाज्मा डोनेशन, TTF के अन्तर्गत मिशन एम्पावरमेन्ट का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 600 संभागीगण की सहभागिता रही तथा 5 नेत्रदान करवाए। **'संस्कार'** के अन्तर्गत बारहव्रत कार्यशाला, जैन संस्कार विधि द्वारा 123 कार्यक्रमों का संपादन, तपोयज्ञ, जैन सामायिक फेस्टिवल, संस्कार निर्माण कार्यशाला, चारित्रात्माओं की रास्ते की सेवा आदि गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की गई। **'संगठन'** के अन्तर्गत कोविड-19 की विकट परिस्थितियों में स्थानीय सधार्मिक परिवारों का अपेक्षानुसार सहयोग, संभाल का कार्य किया गया। उक्त सभी कार्यों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तेयुप दिल्ली के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण अपने दायित्व के प्रति सजग और संघ व संगठन के प्रति समर्पित हैं। अपेक्षित है कि पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण की यह सजगता और समर्पण निरंतर प्रवर्द्धमान रहे।

पूर्ण विश्वास है कि तेरापंथ युवक परिषद्, दिल्ली आगामी अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व और अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान व निर्देशन में टीम भावना के साथ पूर्ववत् ही संघ व संगठन के विकास में योगभूत बनेगी। निवर्तमान टीम के सफल कार्यकाल हेतु बधाई एवं नई टीम के यशस्वी कार्यकाल की मंगलकामना के साथ...

Sandeep — **संदीप कोठारी**, **अध्यक्ष**

**23 जून 2021**

Manish Daftari — **मनीष दफ्तरी**, **महामंत्री**

स्व. श्रीमती मुन्नीदेवी, स्व. मंगलचन्दजी बोथरा
श्रद्धाप्रणत : मिलाप, मनीष, मानस, महीम बोथरा
मो. 9868505932

# झलकियां










श्रद्धाप्रणत :

लक्ष्मीपत भूतोड़िया
लाडनूं - दिल्ली

श्रद्धाप्रणत :

पुखराज राजीव सेठिया
मोमासर - दिल्ली

श्रद्धाप्रणत :

उमराव सिंह शायर देवी पारख
चुरू - दिल्ली

श्रद्धाप्रणत :

श्री श्यामलाल जैन अध्यक्ष
जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, पश्चिम विहार

सेवा

संस्कार

संगठन

सेवा संस्कार संगठन

तेरापंथ युवक परिषद्
दिल्ली